हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 28.08.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 39 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## वीर शहीद पोटो हो

की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल
की लाखों माता-बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से
फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

**कोल्हान प्रमंडल** (सरायकेला-खरसावाँ,
पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

48 लाख से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी
एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन
के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-333846 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### डॉक्टर नजीर अंसारी ने किया नरकी पंचायत का दौरा



**बिष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत नरकी खुर्द का दौरा। भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर नजीर अंसारी ने किया। उन्होंने गांव के सभी वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना एवं आश्वासन देते हुए कहा, आपकी मूलभूत आवश्यकताओं में शुमार अच्छी सड़के, अच्छी अस्पताल एवं एंबुलेंस जैसी सुविधाओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता में है। आप अपना कीमती मत मांडू विधानसभा के लिए डॉक्टर नजीर अंसारी भावी विधायक प्रत्याशी के लिए सुरक्षित रखें। जिससे मुझे आपके क्षेत्र का सेवा करने का अवसर मिल सके।

### बड़कागांव में हाथियों का कहर जारी, फसल को रौंदा, घरों को तोड़ा

**बड़कागांव** : प्रखंड के पंचायत तलसवार में बीती रात 22 हाथियों का झुंड रातभर कोयलंग के जोभिया तथा बघपंजा में जमकर उत्पात मचाया तथा कई घरों को छतिग्रस्त व फसलों को नष्ट कर दिया। बघपंजा निवासी मास्टर तेरस गिद्धी का घर व चारदीवारी को हाथियों ने अपने चपेट में लिया। हाथियों के तांडव से स्थानीय ग्रामीण दहशत में है। हाथियों के झुंड में कुल 22 हाथी हैं जिसमें हाथी के चार बच्चे हैं।रविवार की रात अचानक हाथियों के झुंड को फिर से बड़कागांव प्रखंड में दस्तक देने से ग्रामीणों में काफी डर का माहौल बना हुआ है। मंगलवार की शाम हाथीओ के झुंड दीपदाहा जंगल में विचरण कर रहा था। इसके आसपास गांव के लोग काफी दहशत में हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा विगत दो दिनों से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बड़कागांव के पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि हाथियों के आवागमन कॉरिडोर को ही बंद कर दिया गया है जिसके कारण हाथी गांव में घुस रहे हैं। लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार इस ओर विशेष ध्यान दें सभी पीड़ित लोगों को मुआवजा दें।

### हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग ने आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को किया सील

**हजारीबाग** : हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग ने आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को सील कर दिया है। दरअसल सिविल सर्जन कार्यालय के दस्तावेज में आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. इश्तियाक का नाम रजिस्टर्ड है डॉक्टर इश्तियाक को एनआईए की टीम ने रांची से अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआईएस) के मास्टरमाइंड के रूप में गिरफ्तार किया है। डॉक्टर इश्तियाक हजारीबाग आइडियल पैथोलॉजी प्रत्येक दिन रविवार को छोड़कर आता था दोपहर के 12:00 से 3:30 तक काम करने के बाद यह वापस रांची लौट जाता था। 5 दिसंबर 2022 उनका आना-जाना लगातार बना हुआ था। हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि दो स्वास्थ्य कर्मी जो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं वे डॉक्टर इश्तियाक का नाम बदलकर दूसरे डॉक्टर का नाम एंट्री करने के फिराक में है। यह भी जानकारी मिल रही है कि जो कर्मी नाम हटाने के फिराक में थे ।

# दही-हांडी प्रतियोगिता हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है : संजय सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : श्री राम चरित मानस सेवा संस्थान ने अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला में एक और नया अध्याय जोड़ते हुए पहली बार दही हांडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन हजारीबाग के हृदय स्थली झील स्थित ओपन थिएटर के प्रांगण में आयोजित किया गया.इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्ति को जागरूक करना, उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना तथा सामूहिकता और एकता के महत्व को उजागर करना था। इस भव्य आयोजन में शहर के 12 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें बालक एवं बालिका की टीम भी शामिल रही, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न आयु वर्ग के युवक और युवतियों ने अपने अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया। दही हांडी की ऊंचाई लगभग 15 फीट रखी गई थी, जिसे तोड़ने के लिए प्रतिभागियों ने पिरामिड बनाकर अथक प्रयास किया। उपस्थित दर्शकों ने भी प्रतियोगिता का भरपूर आनंद लिया और उत्साहपूर्वक टीमों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह सहित उपस्थित तमाम गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया। निर्णायक मंडली के रूप में रविंद्र कुमार सचिव योगा एसोसिएशन, डॉक्टर प्रहलाद सिंह सचिव स्विमिंग एसोसिएशन, मुस्कान राणा मुस्कान योगा अकैडमी की शिक्षिका एवं मनोज सिंह ने अपनी भूमिका अदा किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में दस हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार की नगद राशि स्वरूप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल राधे राधे, जय श्री कृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत की और प्रतिभागियों तथा दर्शकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की। संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों और दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का वादा किया। श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल उत्साह और उमंग का माहौल बनाया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव के संदेश को भी प्रसारित किया। यह कार्यक्रम भविष्य में भी संस्थान की गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाएगा।

## बरही चौक पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का हुआ स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बरही चौक पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों ने उनके आगमन पर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की और जनता से समर्थन की अपील की। मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंटू यादव, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, सुनील साव तौकीर रजा, अशोक सिंह, पूनम यादव, कार्ति पासवान, रिजवान अली, उदय केशरी, गुलजार अंसारी, पंकज पासवान, रेवाली पासवान, मो कुर्बान, धीरज कुमार, दसरथ यादव, महेंद्र साव, बीरबल साव, विकाश गुप्ता, राजेश साव, प्रकाश यादव, तोखन रविदास, अभिमन्यु भगत, नवीन यादव, अनिल बरवाल, महेश केशरी, बैजु गहलोत, दिगम्बर भुइयाँ, नागेंद्र कुशवाहा, अर्चना हेम्ब्रम, शिवकुमार सिंह, दीपक सोनी, संतोष चंद्रवंशी, बालकिशुन यादव, शुखदेव यादव, सोनू दास, प्रमोद यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## किसान मित्र व पैक्स अध्यक्षों के साथ बरही बीसीओ ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो में किसान मित्र और पैक्स अध्यक्षों के साथ प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने बैठक की। बीसीओ संजय यादव ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गयी है और एक रूपए टोकन मनी देकर किसान बीमा योजना में अपना निबंधन करा सकते हैं। जिससे बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सभी लोग अच्छादित हो सकते है। बीसीओ श्री यादव ने बताया कि पूरे प्रखंड में दस हजार किसानों का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर बीटीएम राकेश कुमार भी मौजूद थे।

**31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं किसान**

बीसीओ संजय यादव ने बताया कि बरही के वैसे पैक्स जहां सीएससी मौजूद हैं, वहां से किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बरही के सभी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से भी योजना के लिए आवेदन करने की सुविधा दी जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित है। किसान चाहें तो खुद ही ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। किसानों को परेशानी होने पर वह सिंगल विंडो में भी आकर मदद ले सकते है। उन्होंने बताया कि खरीफ के लिए दो फसलों को इस बीमा योजना के दायरे में रखा गया है। अगहनी धान और भदई मक्के की खेती करने वाले किसान योजना का लाभ ले सकते हैं।

**किसानों के आवेदन करने के लिए देने होंगे कागजात**

किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व पदाधिकारी द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया या प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी, बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र), स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र, मोबाईल नम्बर वांछित है।

## प्रभा एनर्जी गैस प्लांट से पाईप चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : बीते 16 अगस्त की रात्रि बड़कागांव थानांतर्गत ग्राम खरांती में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा प्रभा एनर्जी के नवनिर्मित (गैस प्लांट) के साईट में डम्प किये गये लोहे का पाईप जिसका बाजार मूल्य लगभग 48 लाख रुपए की चोरी हो जाने की सूचना कम्पनी के द्वारा दिनांक 18.08.24 को दी गयी जिस संबंध में बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 218/24 दिनाक 18.08.2024 धारा-303(2) इ-ठ-र अंकित करते हुये उक्त कांड में त्वरित की गयी। तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर काण्ड में संलिप्त बासुदेव यादव उर्फ बासु पे० अन्दु यादव, सा० खरांटी, वकील अहमद सर्फ मुन्ना पे० स्व० साकीर अहमद सा० चौपदार बलिया दोनों थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभि० बासुदेव यादव के निशानदेही पर चोरी किये गये समानों (लोहे के पाइप) को बेचे जाने से प्राप्त कुल रकम 50,000/- रुपये को अभियुक्त के दुकान के छज्जे में काला प्लास्टिक में छुपा कर रखा गया को बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है ।छापामारी दल में पु०अ०नि० वरुण कुमार, पु०अ०नि० अभिषेक कुमार, पु०अ०नि० आशीष कुमार भगत, पु०अ०नि० अमित कुमार व सशस्त्र बल बड़कागांव थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख रखाव योजना को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख रखाव योजना को लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मनोज रजक व संचालन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि राज्य सरकार जिला से लेकर अनुमंडल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को व्यवस्थित बनाये जाने को लेकर मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख रखाव योजना लेकर आई है। जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल को 50 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राशि का उपयोग भवन की मरम्मति तथा रंग-रोगन, चाहर दिवारी की मरम्मती रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था, दवा, चिकित्सीय मशीन एवं उपकरण, सोलर लाईट, रेफ्रिजरेटर, उपस्कर, शौचालय की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था, वृक्ष रोपण एवं बागवानी सहित अन्य आवश्यक आकस्मिक कार्य शामिल है। इतना ही नही अस्पताल के भवनों में सभी चिकित्सा पदाधिकारियों के बैठने का स्थान स्पष्ट रूपेण कक्ष के बाहर अंकित किया जाएगा और इन कक्षों के भीतर रोशनी, सफाई, पर्दे, पंखा व एसी इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक चिकित्सा केन्द्र भवन के प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा संबंधित चिकित्सा केन्द्र भवन में प्रचार-प्रसार, चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था संबंधी सूचना, आम जनता संबंधी विभिन्न सूचना इत्यादि का सुगौचर स्थान पर प्रदर्शन करना तथा उसका रख-रखाव सुनिश्चित कराया जाएगा।

# आजादी के बाद पहली बार अहरी गांव में पहुंचा कोई सांसद, सूखा महुआ लेकर आवभगत को दौड़े लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आजादी के बाद पहली बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एक गांव के लोगों के चेहरे में मुस्कान दिखी। यहां के लोग बेहद उत्साहित और खुश दिखे। उनकी खुशी की वजह उनके गांव में आजादी के बाद पहली बार अपने क्षेत्र के किसी सांसद का पदार्पण होना था। यह गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण प्रखंड चोरदाहा पंचायत अवस्थित ग्राम अहरी है। यह गांव मुख्य सड़क चौराहा चेकपोस्ट से महज किलोमीटर पर है। यहां अनुसूचित जाति और जनजाति के करीब 50 घर हैं जहां की आबादी करीब 500 लोगों की है। पहाड़ी क्षेत्र से घिरे इस गांव में आने के लिए उबड़- खाबड़, पथरीले और दुर्गम रास्ते हैं। देश के आजादी के करीब 70 साल बीतने के बाद भी यहां के ग्रामीणों को जर्जर सड़क, बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ता है। माध्यमिक स्कूल और स्वच्छ पेयजल की मांग के साथ ग्रामीण 70 सालों से किसी जननेता के आस में टकटकी लगाए हुए थे। अंततः ग्रामीणों का आस पूरा हुआ और उनके गांव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के आने की आहट मात्र से ही गांव के संपूर्ण लोग एकजुट हो गए और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। भावुक होकर लोगों ने अपने तरीके से पहली बार गांव में पांव पड़े किसी सांसद का आवभगत किया। कोई सूखे महुवा का फल लेकर तो कोई बिस्किट- मिक्सचर लेकर तो पानी लेकर उनके आतिथ्य सत्कार में जुट गया। कई ग्रामीणों की आंखों खुशी से डबडबा गई तो कई नाचने- झूमने लगे। माता- बहनें अपने बच्चों के साथ यहां पहुंचकर तालियां बजा रही थी। इस गांव के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण था जो हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके जीवन में एक नई उम्मीदों की किरण दिखाई दे रही थी। पहली बार इस गांव के बूथ से भाजपा ने बीते लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और लोगों ने इसी उम्मीद के साथ मनीष जायसवाल को अपना मत दिया था की उनके लिए वे रहनुमा बनकर उनके बीच आयेंगे। हुआ भी ऐसा ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सांसद बनने के महज कुछ महीने बाद ही सांसद मनीष जायसवाल इस गांव के लोगों से मिलने पहुंचे और गांव के लोगों का अपनत्व भरा प्रेम और अनन्य भक्ति देख वे भी भावुक हो गए। उन्होंने गांव के सभी प्रमुख जनों को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मान किया, ग्रामसभा के लिए आकर्षक कालीन भेंट किया और उनके लिए एक नया सबेरे लाने का वादा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंईयां सम्मान योजना से बढ़ा बहनों का आत्मविश्वास : प्रीति साहू



**चौपारण** : चौपारण प्रखंड सहित पूरे झारखंड में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की पहली किश्त बहन-बेटियों के खातों में पहुंचना प्रारम्भ हो चूका है। इससे महिलाओं की आँखों में चमक एवं चेहरे पर खिली हुई मुस्कान दिखाई दे रही है। जहाँ महिलाओं ने चौपारण उपप्रमुख प्रीति साहू संग मिलकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाई व अपनी खुशी का इजहार किया। पटाखे छोड़े गए एवं मिठाई खिलाकर झारखण्ड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर उपप्रमुख ने कहा कि इस योजना से हमारी बहनों का आत्मविश्वास बढ़ा है। इनके जीवन में नवीन उमंग और उत्साह दिखाई दे रही है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही प्रीति साहू ने निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से सम्बन्धित किसी तरह का कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि न करें। यह पूरी तरह से फर्जी है सतर्क रहें सुरक्षित रहें। महिलाओं ने स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला एवं माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर सुषमा देवी, सरिता कुमारी, चमेली देवी, जुली सिंह, संतोषी देवी, कुशुम कुमारी, ममता कुमारी, सुमित्रा देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, सोनी साव, रानी कुमारी, मधु देवी सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

### आजसू नेता शशि मेहता के पुत्र की मौत



**बड़कागांव** : बड़कागांव आजसू नेता शशि कुमार मेहता के इकलौते पुत्र 27 वर्षीय अविवाहित युवक सुशांत कुमार का शव अपने ही घर के कमरे में मिला। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी है। सुशांत की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। यह घटना मंगलवार सुबह 9:00 की है। घटना को लेकर ग्रामीण कई तरह के क्यास लगा रहे है । कोई कह रहे थे की किसी ने हत्या कर दी होगी, तो कोई कह रहे थे कि सुसाइड है। हालांकि पुलिस इस मामले को लेकर गंभीरता के साथ जांच में जुट गई है। घटना को लेकर सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने बताया कि हम लोग सोमवार को हजारीबाग में थे। मंगलवार की सुबह तकरीबन 9:00 बजे सुशांत के दोस्त निलेश ने मेरे पत्नी के पास फोन किया, कहा की सुशांत फोन उठा नहीं रहा है दरवाजा भी बंद है। तकरीबन 15 मिनट बाद जब दोबारा फोन आया तो मैं कह दिया कि दरवाजा तोड़ दो।तब तक हम लोग बड़कागांव के लिए हजारीबाग से निकल गए थे। दरवाजा तोड़ने के बाद सुशांत के दोस्त ने कहा कि सुशांत अब इस दुनिया में नहीं रहा। घटना को लेकर मृतक के माता पिता बहन व अन्य रिश्तेदार लोग का रो-रो कर बुरा हाल है। सुशांत अपने पीछे माता-पिता समेत तीन बहन व भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मृतक सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने कहा कि लाश को देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि सुशांत की हत्या कर गले में फंदा लगा दिया गया है। लाश लटका हुआ नहीं था बल्कि बेड में बैठा हुआ था। इस दौरान लाश में फंदा लगा हुआ था। मैं घटना को लेकर सीबीआई से जांच कराने मांग करता हूं । पिता ने आगे बताया की सोमवार की रात्रि 9:30 बजे सुशांत से मोबाइल पर मेरी बात हुई थी ,उसने कहा था कि पापा चिंता नहीं कीजिए मैं खाना खा लूंगा।वही मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव पुलिस से पूछे जाने पर बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एवं जांच पड़ताल करने के पश्चात ही कुछ कहा जा सकता है। अभी कुछ भी बताना जल्दबाजी होगा पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करेगी।

### झारखंड के हालात को बदलने के लिए पूर्ण बहुमत में भाजपा सरकार का आना जरूरी : टोनी जैन

हजारीबाग : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन ने आज दारू प्रखंड तथा सदर प्रखंड के सुदूरवती गांवो में सघन द्वारा किया। दारू प्रखंड के चीरवा गांव तथा सदर प्रखंड के ओरिया गांव मे चौराहे पर आम नागरिकों के साथ बैठक की और वहां की जन समस्या को जाना, झारखंड सरकार की उदासीनता का असर दारू प्रखंड में भी देखने को मिला सरकार द्वारा बहुत सारी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए झारखंड सरकार पूर्ण रूप से दोषी है, दारू प्रखंड की खराब सड़क की वजह से प्रतिदिन वाहन दुर्घटनाएं होती रहती है हर वक्त लोगों के अंदर भय बना रहता है बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जाने अनजाने बहुत सारे मासूमों की जान सड़क दुर्घटना में चली गई, लेकिन झारखंड सरकार ने सड़क बनाने की कोई पहल अभी नहीं की, यह झारखंड सरकार की उदासीनता का प्रतीक है, उसके बाद सदर प्रखंड के ओरिया ग्राम में ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी जन समस्याओं को जाना, केंद्र मोदी सरकार की जनहित की योजना के बारे में ग्रामीणों को समझाया तथा ग्रामीणों से निवेदन किया की आने वाले समय में झारखंड में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, आप सभी लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दे । बहुत सारे निर्दलीय बहरूपिया आएंगे आपको अपना मत बर्बाद नहीं करना है , आपका एक-एक वोट कीमती है, जिससे झारखंड की भ्रष्ट सरकार को हटाया जा सके और यहां झारखंड का पूर्ण विकास हो सके। आज के इस जनसंपर्क अभियान में पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ बसंत कुमार जी, रविंद्र जी, दिनेश कुमार सोनी, विजय मोहन प्रसाद ,मनोज कुमार, मुकेश कुमार, सागर कुमार, चंदन कुमार, विक्रम कुमार, सत्येंद्र कुमार, दिलीप कुमार, रोहित कुमार, विक्की यादव, हीरालाल साहू, संजय प्रसाद, फिरोज रविदास, संजय गुप्ता कर्मवीर पासवान, निर्मला साहू, सोनू गुप्ता, शेखर गुप्ता, मुकेश मेहता एवं अन्य सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

### सात सूत्री मांगों को लेकर बड़कागांव के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन धरना पर



**बड़कागांव** : झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले बड़कागांव के सभी 23 पंचायत के मुखिया अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर कलम बंद करके अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने दी है। आगे उन्होंने बताया कि हमारी मांगे इस प्रकार है - मुखिया का जप्त किया गया वित्तीय पावर को पुन:प्रदान करें, मुखियाओं की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, झारखंड के सभी मुखियाओं को केरल के तर्ज पर वेतन एवं सरकारी स्टाफ उपलब्ध कराई जाए, मुखियाओं के साथ दुर्घटना घटने पर 30 लाख का बीमा, पंचायत प्रतिनिधियों का कार्य अवधि समाप्त होने के बाद सांसद एवं विधायक के तर्ज पर पेंशन उपलब्ध कराई जाए, प्रखंड के सभी पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराई जाए के अलावा अन्य मांगे हैं।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 28.08.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 39 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

मुख्यमंत्री दुमका में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में हुए शामिल

# आधी आबादी को मजबूत एवं सशक्त करने वाला राज्य ही आगे बढ़ेगा : हेमन्त






मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री व मंच पर मौजूद मंत्री व विधायकगण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो उत्साह एवं खुशी देखने को मिल रहा है, वह अदभुत है। आपका ये उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। आपकी उम्मीदों और भरोसे से हम हर चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित पांजनपहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है।

- मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में दुमका, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं जामताड़ा की 7 लाख 32 हजार 906 बहन- बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि के रूप में 73 करोड़ 29 लाख रुपये हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाया एक और मजबूत कदम।
- आपका भरोसा और उम्मीद हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है।
- हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।
- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में देखने को मिल रहा है अदभुत उत्साह।
- सरकार की योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इसी सोच के साथ कर रहे हैं काम।

### जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से चार वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। जिन गांवों में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जहां आवागमन की कोई सुविधा नहीं है, वहां आज बीडीओ-सीओ, डीसी-एसपी से लेकर विभागों के सचिव पहुंच कर आपकी समस्याओं को न सिर्फ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान कर रहे हैं। साथ ही जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंचा रहे हैं ताकि उस दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके। सरकार की योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं।

### गांवों की मजबूती से राज्य के विकास का रास्ता तय होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव-देहात से चल रही है। "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले-टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।

### किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए सरकार कर रही पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। विशेषकर आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमें किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

### पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास का नया पैमाना बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने इस राज्य और यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान-मजदूर, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला युवा समेत हर वर्ग-तबके के लिए जो कार्य किए हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज राज्य का कोई भी बूढ़ा बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किए गए हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। यहां के बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ें, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक तंगी से छूटे नहीं, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। इसी तरह की अनेकों योजनाएं हैं जो राज्य वासियों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

### 7 लाख 32 हजार 906 बहन बेटियों को मिली 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये की सम्मान राशि

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 7 लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। इनमें दुमका की 01 लाख 58 हजार 724, देवघर जिले की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की 01 लाख 20 हजार 78, गोड्डा जिले की 0 1 लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की 01 लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा जिले की 01 लाख 25 हजार 543 बहन-बेटियां शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक बसंत सोरेन, विधायक बादल, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक कल्पना सोरेन, जॉयस बेसरा, लाल चंद दादेल तथा संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने खोले पत्ते, बेटे के साथ भाजपा में होंगे शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे राजनीतिक ऊहापोह का मंगलवार को पटाक्षेप हो गया।चम्पाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा का दामन थामेंगे। दिल्ली में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसकी पुष्टि की।

चम्पाई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आये थे तो अपना विचार दे दिया था। पहले मैंने संन्यास लेने की सोची थी लेकिन बाद में जनता और कार्यकर्ताओं का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। फिर सोचा कि नया संगठन बनायेंगे लेकिन समय की कमी और झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थिति को देखते हुए मंथन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में जाने का निर्णय ले लिया। मेरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया है। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा बाबूलाल सोरेन भी शामिल होगा।



### कोई कुछ भी कहे, हम उसका जवाब देना उचित नहीं समझते

चम्पाई सोरेन ने आगे के प्लान पर कहा कि 28 अगस्त झारखंड जा रहे हैं। दूसरे सवाल पर कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है। मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है। इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं लेकिन हम भाजपा में शामिल होंगे। बाबूलाल मरांडी की नाराजगी पर चम्पाई ने कहा कि हम उस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे।

चम्पाई सोरेन दिल्ली से लौटने के बाद हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से त्यागपत्र देंगे। चम्पाई सोरेन रांची में एक बड़ी रैली कर भाजपा में शामिल होंगे। इस बीच केंद्र सरकार ने चम्पाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जायेगी। अब चम्पाई सोरेन की सुरक्षा में 33 जवान तैनात रहेंगे।

इससे पूर्व सोमवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिंमता बिस्वा सरमा और चम्पाई के बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद हिंमता विश्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी पुष्टि की थी।

### चम्पाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत : अर्जुन मुंडा

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के बीच में सिर्फ वोट की राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सत्ता लोलुपता के लिए एक आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया है। मुंडा ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीति और सिद्धांत के साथ पूरे देश में आदिवासियों को संगठित करने की दृष्टि से एक बड़े कदम के तहत चम्पाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत है।

## शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के निकट की शराब दुकानों, बार-रेस्टोरेंट को कब बंद करेगी सरकार : एचसी




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर मंगलवार को कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पुलिस की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इसमें भविष्य में राजधानी रांची में मंदिरों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकानों एवं बार-रेस्टोरेंट को लाइसेंस नहीं देने की बात कही गई है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मंदिरों एवं शिक्षण संस्थानों के निकट संचालित बार-रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द करने लिए क्या किया जाएगा? राज्य सरकार बताए कि मंदिर एवं शिक्षण संस्थान के निकट जो बार एवं रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकान खुले हैं उन्हें कब बंद किया जाएगा? कोर्ट ने कहा कि पुलिस की एसओपी केवल आईवाश वाली नहीं होनी चाहिए। देर रात तक बार-रेस्टोरेंट के खुले रहने से पिछले दिनों भी एक अपराधिक घटना घटी थी। बार-रेस्टोरेंट में मारपीट एवं हत्या की घटनाएं होती रही हैं। कानून व्यवस्था पुलिस के जिम्मे में है। ऐसे में सख्त कदम उठाकर बार-रेस्टोरेंट को निर्धारित समय में बंद कराकर वहां हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है। मामले में एमिकस क्यूरी ने पुलिस के एसओपी पर प्रति उत्तर के लिए समय देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की है। इससे पहले पुलिस की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम को लेकर एसओपी प्रस्तुत किया गया था। उल्लेखनीय है कि खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाई कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।

## नशे के लिए प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री में शामिल तीन गिरफ्तार

**पलामू** : नशे के लिए प्रतिबंधित सिरप की खरीद बिक्री में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। खुदरा सिरप बेचने के आरोप में तरहसी के शाहिद अफरोज, नागेन्द्र प्रसाद एवं मेदिनीनगर के आबादगंज नामधारी कॉलोनी के गौतम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कुल 61 डब्बा (100 एमएल) सिरप बरामद किया गया है। तरहसी मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र में प्रतिबंधित सिरप की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। युवा इस सिरप से नशा करते हैं। पहले भी इस तरह की सिरप बरामद की जा चुकी है। तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार टीम गठन कर कार्रवाई की गयी। खरीददार बनकर प्रतिबंधित सिरप (कोडिन फास्फेट) की डिमांड की गयी। बेचने के तरीके के अनुसार एक दो बोतल खरीदी गयी। इसी क्रम में शाहिद अफरोज को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर छापामारी की गयी। नागेन्द्र प्रसाद के तरहसी स्थित होटल से एवं शाहीद अफरोज के घर से 61 पीस प्रतिबंधित सिरप बरामद की गयी।

# नबन्ना मार्च : सड़कों पर बवाल, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, प्रदर्शनकारियों ने फेंके पत्थर

एजेंसी

**कोलकाता :** पुलिस ने मंगलवार को हावड़ा ब्रिज के पास और कोना एक्सप्रेसवे पर संतरागाछी रेलवे स्टेशन के पास प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, पानी की बौछारें छोड़ी और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सचिवालय नबन्ना तक पहुंचने के प्रयास में पुलिस अवरोधकों को पार करने का प्रयास किया था। इस 'नबन्ना अभियान' में मुख्य रूप से युवा शामिल हैं जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। नबन्ना पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है।



### प्रदर्शनकारियों ने फेंके पत्थर, कई पुलिस अधिकारी हुए चोटिल

संतरागाछी में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके जिसमें कई अधिकारियों को चोट आई, वहीं प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई में भी कई छात्र घायल हो गए। प्रदर्शनकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर राज्य सचिवालय पहुंचने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि जब कुछ जगहों पर आंदोलनकारियों ने अवरोधकों को पार करने का प्रयास किया और सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े।

### छात्रों पर 'बर्बर कार्रवाई' का सहारा लिया : बीजेपी

छात्र संगठन 'पश्चिम बंग छात्र समाज' और राज्य सरकार के असंतुष्ट कर्मचारियों के संगठन 'संग्रामी जौथा मंच' ने कोलकाता के अलग अलग स्थानों से अपना मार्च शुरू किया था जिसके बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इस बीच पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कोलकाता और हावड़ा में 'नबन्ना अभिजन' रैली में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने वालों पर 'बर्बर कार्रवाई' का सहारा लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा 'बर्बरता' नहीं रोकी गई तो पश्चिम बंगाल को 'ठप' कर दिया जाएगा।

# सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर उग्रवादी हमला गाड़ियों के शीशे तोड़े और कर्मियों को पीटा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार भोर चार बजे बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर हमला किया। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। बताया जाता रहा कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे। उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके बाद उग्रवादी सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं। गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो. नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, घायल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों में दहशत है।

**एक नजर**

### झारखंड के आठ आईपीएस का तबादला

**रांची** : सरकार ने राज्य के आठ आईपीएस रैंक के अधिकारी का तबादला किया है, वही पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत दो आईपीएस को भी प्रोन्नति मिली है। साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को जहां लातेहार का एसपी बनाया गया है, वहीं होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की रात गिरी कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। कुमार गौरव को लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। अंजनी कुमार झा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। निधि द्विवेदी को एसपी जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया गया।

## एक नजर

### एरिया 1 के बरोरा क्षेत्र में आश्रितों के नियोजन हेतु वार्ता हुई सफल

**धनबाद :** बीसीसीएल एरिया 1 के बरोरा क्षेत्र के अवर महाप्रबंधक एवं संयुक्त अधिकारियों की बैठक कर बाघमारा विधानसभा के विभिन्न आश्रितों के नियोजन हेतु वार्ता कर सभी आश्रितों के सफल नियोजन की वार्ता संपन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त महामंत्री अशोक प्रकाश लाल शामिल हुए साथ ही यूनियन के अन्य पदाधिकारी लगन देव यादव, इंदल यादव, सुरेंद्र यादव, दयाल महतो,मनोज साव, हुबलाल रवानी, राजेंद्र साहू वअन्य सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

### एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में चित्रकला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में मंगलवार को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि विज्ञान के सहारे मानव ने विकास की राह तय की। मानव ने चंद्रमा के अलावा अन्य ग्रहों की दूरी तय की। विज्ञान व प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि, शिक्षा, डेयरी, स्वास्थ्य, उद्योग आदि के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हुआ है। इसलिए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना आवश्यक है। इन्हें विज्ञान के रहस्य वे परिचित कराना जरुरी है। इसलिए इस दिशा में सकारात्मक काम किया जा रहा है। विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान का ज्ञान दिया जा रहा है। साथ ही इनकी प्रतिभा को निखारने का काम हो रहा है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी सफलता की राह पर अग्रसर हैं। विद्यार्थियों ने सिंचाई के दौरान पानी की बचत, मौसम कापूवार्नुमान लगाने, जल शुद्धीकरण, प्रदूषित वायु को जल उर्जा के रुप में परिवर्तित करने, पौधे के लिए मिट्टी में पानीकी आवश्यकता, पर्यावरण की सुरक्षा, वर्षा में बिना भींगे बाहर से कपड़े को घर में लाने, गांवों के लिए आग से सुरक्षा के यंत्र, कचरे से गैस बनाने, राजस्थान में खेती के तरीके को आसान बनाने, सडक पर चलने से उर्जा, राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों के आगमन से हवा के प्रवाह से उर्जा पैदा करने आदि से संबंधित माडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। ग्रुप ए में वायु शुद्ध करने से संबंधित माडल को प्रथम, कचरे से बायोगैस बनाने वाले माडल को द्वितीय एवं वातावरण में प्रदूषित कम करने से संबंधित माडल को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

### सीबीआई ने धनबाद के पांच ठिकानों पर मारा छापा, तीन गिरफ्तार

**धनबाद :** धनबाद जिले के पांच जगहों पर सीबीआई दिल्ली की टीम ने सोमवार देर शाम को छापेमारी करने पहुंची। सीबीआई की टीम ने धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित फेमस रेडियोजॉलिस्ट डॉ. प्रणय पुर्वे उर्फ एसपी पूर्वे, मटकुरिया में जीटीएस कंपनी के मालिक गुरपाल सिंह के घर व दफ्तर, इनकम टैक्स ऑफिस, सरायढेला के अमन दारूका और पुराना बाजार निवासी अशोक चौरसिया के आवास में छापा मारा। करीब 10 से 11 घण्टे तक चले इस रेड के बाद दिल्ली सीबीआई की टीम ने तीन लोगों जीटीएस आउटसोर्सिंग मालिक के गुरपाल सिंह, डॉ एसपी पूर्वे व एक अन्य को गिरफ्तार कर अपने साथ पटना ले गई। मंगलवार सुबह करीब 4:26 बजे सीबीआई की यह रेड खत्म हुई। गुरपाल सिंह के यहां से सीबीआई ने कई अहम दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को भी जब्त किया है। वहीं धनबाद इनकम टैक्स ऑफिस में इन कारोबारियों से जुड़े आयकर के लेनदेन की जांच की गई।

# अवैध रूप से रेलवे परिसर में खड़े वाहनों से रेलवे ने वसूला जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रेलवे परिसर क्षेत्र में स्टैंड को छोड़कर जहां तहां कार पार्किंग करने को लेकर बीती शाम एक बार फिर क्षेत्रीय प्रबंधक रेलवे, बोकारो विनीत कुमार तथा स्टेशन प्रबंधक ए के हलधर ने करीब 12 चार पहिया वाहन से जुमार्ना वसूला। सभी कारें स्टेशन परिसर में खड़ी कर अपने यात्रियों को बोकारो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन चढ़ाने गए थे। नियम अनुसार उन्हें अपने वाहन को स्टैंड में खड़ा करना था. लेकिन उन्होंने इस नियम के विरुद्ध जाकर मनमानी की। इस एवज में प्रति वाहन दो सौ रुपए जुमार्ना वसूला गया। साथ ही आगे ऐसे ना करने का आग्रह भी किया और हिदायत भी दी।

**स्टैंड में पार्किंग कर अपने सामान और सम्मान दोनों बचा सकते हैं आप** बोकारो के कई धनाढ्य लोगों की पॉकेट या दिल इतनी हल्की है कि पूछिये मत या यूं कह लीजिए कि कायदा को तोड़कर खुद को पावरफुल बताना इनकी फितरत है। महंगी कारों पर 20-30 रुपए बचाने के लिए उलझन में पड़ जाते है। या पार्किंग शुल्क को बचा कर फूले नहीं समाते। तभी तो बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंचने पर अपनी कार को पार्किंग के बजाय स्टेशन परिसर में ही खड़ी कर देते हैं। इससे रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले अन्य लोगों को परेशानी होती है। वहीं, रेलवे को राजस्व का नुकसान। **पिछली बार फाइन काटने पर नेता जी ने खूब काटा था बवाल, फिर भी भरना पड़ा था फाइन** विगत कुछ दिनों पूर्व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रेलवे बोकारो विनीत कुमार द्वारा नियम विरुद्ध इधर-उधर कार खड़ी करने को लेकर करीब 8-10 लोगों से जुमार्ना वसूला गया था। स्थानीय लोगों की माने तो इनमें से एक वाहन एक बड़े दल के नेताजी था। फाइन काट रसीद थमाते ही नेताजी आग बबूला हो उठे। लगे अपने पद पैरवी और पहुंच का बखान करने। खूब बवाल काटा। लेकिन अधिकारी महोदय ने धीरे से नेताजी को समझा दिया कि पार्किंग एरिया से इतर, नो पार्किंग एरिया में कार लगी है, फाइन कट चुका है। देना तो पड़ेगा। फिर क्या था, नेताजी ने फाइन भरा। लेकिन वहां मौजूद लोगों के बीच अपनी शाख भी बचानी थी. तो नेताजी अपनी जुबान की कैंची चलाते-चलाते चलते बन।

**स्टेशन गेट के आसपास ड्रॉप कर निकले वाहन तो नहीं लगेगा पार्किंग शुल्क या जुर्माना**

रेलवे नियमानुसार यात्रियों को स्टेशन गेट तक उतारने की अनुमति है। इसे ड्रॉपिंग जोन कहा जाता है। जहां आप यात्री को उतार कर 5 मिनट के अंदर रेलवे क्षेत्र से बाहर निकल जाए, तो पार्किंग चार्ज या जुमार्ना नहीं देना पड़ेगा। लेकिन यदि आप अपने कार को पार्किंग जोन, स्टेशन गेट परिसर में खड़ी कर, यात्री को ट्रेन में चढ़ाने जाते है. तो आप से फाइन वसूला जाएगा. जो स्टैंड के पार्किंग शुल्क से कहीं अधिक होगा। ऐसे में भलाई इसी में है कि स्टेशन पर रुकना हो तो यात्री को उतार कर, आप अपने वाहन को स्टैंड में पार्क कर दें।

## इस डिजिटल युग में खेल को अपने जीवन में अपनाएं : रोहित यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कतरास स्थित तेतुलिया के खेल मैदान में यादव स्पोर्टिंग क्लब तेतुलिया के बैनर तले आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए कांग्रेस पार्टी के नेता रोहित यादव। यादव का समिति के लोगो ने माला पहनाकर किया स्वागत किया। यादव से सभी खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की दिलचस्प मैच का आनंद लेने दूर दराज से भारी संख्या में दर्शकों का जुटान हुआ भारी बारिश में भी बाबा टेकअप मलकेरा की टीम ने यादव उर्फ फाइटर को हराकर प्रथम पुरस्कार पर अपना कब्जा जमा लिया। कुल 32 टिमो ने आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में हिस्सा लिया था।मुख्य अतिथि रोहित यादव ने विजेता टीम बाबा टेकअप मलकेरा को प्रथम पुरस्कार 51000 नगद और ट्रॉफी ,उप विजेता टीम यादव उर्फ फाइटर को 25000 नगद और ट्रॉफी तथा तीसरी स्थान पर रही टीम एएफसी बाघमारा को 11000 और ट्रॉफी चतुर्थ स्थान में रहे सरना फुटबाल क्लब चंद्रपूरा को 5000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। यादव के साथ पप्पू दुबे दीपक सिंह,भोला दास, विशाल यादव गुड्डु कुमार, राजू यादव, मुलायम पांडे, कल्लू,चौटाला,खेल के अयोजन समिति के अध्यक्ष ऋषभ यादव ने सभी खिलाड़ियों एवम दर्शको को आभार व्यक्त किया ।

## फोटो प्रतियोगिता में धनबाद के चंदन स्टूडियो को मिला प्रथम पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** फोटोग्राफी क्लब की ओर से 19 अगस्त विश्व फोटोग्राफी दिवस की उपलक्ष्य पर आयोजित फोटोग्राफी एवं रील्स प्रतियोगिता सह फोटो प्रदर्शनी जिसका शीर्षक हमारा झारखंड पर्यटन एवं जलवायु परिवर्तन था। फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला नोडल पर्यटन पदाधिकारी तूफान पोद्दार एवं विशिष्ट अतिथि संजीव हांसदा ने संयुक्त रूप से फोटो गैलरी सह फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं विजेता रहे फोटोग्राफरों को सम्मानित किया।फोटो प्रदर्शनी में पुरे झारखंड राज्य के फोटोग्राफरों द्वारा खींची गई तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया, जिसमे झारखंड का पर्यटन स्थल एवं जलवायु परिवर्तन की तस्वीरें शामिल थी। राज्य स्तरीय इस फोटो प्रतियोगिता के दोनों शीर्षकों में धनबाद के चंदन स्टूडियो



से चंदन पाल को प्रथम पुरस्कार मिला।फोटोग्राफी प्रतियोगिता में जलवायु परिवर्तन डीएसएलआर फोटोग्राफी श्रेणी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय में क्रमशः चंदन स्टूडियो के ओनर चंदन पॉल, संपन्ना सोरेन, समीर रंजन मुर्मू एवं जलवायु परिवर्तन मोबाईल फोटोग्राफी में प्रेरणा हांसदा, एमी एमानुएल मरांडी, डेनियल हेंब्रम और पर्यटन डीएसएलआर फोटोग्राफी में चंदन पॉल, अनिल कुमार पंडित, सुखदेव हेंब्रम एवं पर्यटन मोबाईल फोटोग्राफी में राज कुमार मुर्मू, कुंदन कुमार पाल, अभिषेक कुमार पुरस्कृत हुए तथा रील्स के पर्यटन कैटेगरी में आदित्य राज एवं जलवायु परिवर्तन कैटेगरी में कुंदन कुमार पाल के रील्स को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के पश्चात उन सभी प्रतिभागी एवं स्पॉन्सर के नाम से एक-एक पेड़ लगाया गया जो इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे। जिसका देखभाल दुमका फोटोग्राफी क्लब के सदस्य द्वारा किया जाएगा। इस फोटो प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालकिशोर टुडू, संजीव हांसदा, सुसन्ना मरांडी, बलवंत सिंह, कमलेश मरांडी, केदारनाथ पाल, अनुज बेसरा, बेनीसन हांसदा, बरूण मुर्मू, फ्रांसिस मुर्मू, सैम सैमुअल, लुकस सोरेन, सुकोमल हेंब्रम, मुस्तफा आलम एवं मुन्ना मुर्मू शामिल हुए।

## आयुष्मान कार्ड पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज नहीं करने की शिकायत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड है। फिर भी एस.जे.ए.एस. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन को इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। वही गोविंदपुर से आए युवक ने उपायुक्त को बताया कि 2017 में एनएच 2 के लिए उनकी जमीन का अधिग्रहण हुआ। अधिग्रहण के बाद घर भी तोड़ दिया। जब उन्होंने मुआवजा मांगा तो जमीन गैर आबाद बताकर मुआवजा नहीं दिया। जबकि उसी खाता और प्लॉट नंबर के दूसरे रैयतों को मुआवजा मिला। वहीं मुआवजा के लिए सारे कागजात दोबारा जमा करने पर गोविंदपुर अंचल कार्यालय के अमीन ने कहा कि उनके कागज खो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तुरंत जिला भु-अर्जन पदाधिकारी को शिकायतकर्ता के कागजात की जांच करने और यदि कागजात सही है तो शीघ्र मुआवजा का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नावाडीह पंचायत स्थित नंदन रेजिडेंसी फेज 1, 2 और 3 के निवासियों ने भी जल जमाव की परेशानी की शिकायत उपायुक्त से की। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान बेसमेंट, आने जाने के रास्ते सहित पूरे परिसर में पानी भर जाता है। जिस कारण वहां के निवासियों और बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी कठिनाई हो रही है। यह समस्या पिछले 2 साल से उत्पन्न हो रही है। पूरा इलाका टापू बन जाता है। इसके अलावा जनता दरबार में इलाज के लिए सहायता प्रदान करने, ऑनलाइन रसीद नहीं कटने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई।

## 26 सूत्री मांगो को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से बोकारो जिला मुख्यालय पर धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव भागीरथ शर्मा ने कहा कि आम चुनावों में कम सीटें मिलने के कारण एनडीए की स्थिति कमजोर हुई है। इसके बावजूद एनडीए सरकार मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जनविरोधी और कॉरपोरेट समर्थक एजेंडे पर काम कर रही है। सरकार के बजट में मजदूरों और किसानों के एजेंडे को नजरअंदाज किया गया है और बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों को भी धोखा दिया गया है। उन्होंने आने वाले दिनों में संघर्षों को तेज करने और आम जनता की एकता को जमीनी स्तर तक ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि चार राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों



में भाजपा और एनडीए को सत्ता से बाहर रखा जाय । क्योंकि कोविड महामारी के दौरान इसी भाजपा सरकार ने मजदूर विरोधी तीन श्रम संहिताओं को पारित किया । उन्होंने भाजपा सरकार की जन विरोधी और राष्ट्र विरोधी प्रतिगामी और प्रतिक्रियावादी नीतियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष को व्यापक रूप देने का आह्वान किया। धरना में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की निंदा की गई और इसके खिलाफ विभिन्न स्थानों पर चल रहे आंदोलनों के प्रति पूरा समर्थन व्यक्त किया गया। उन्होंने सरकार से प्रीमियम और लाभ, चिकित्सा बीमा और कृषि पर से जीएसटी हटाने की मांग की गई।

# सिंगल सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों पर कोटपा के तहत कार्रवाई करें : पुलिस उपाधीक्षक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक बोकारो निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सभी नामित कोटपा नोडल पदाधिकारी थाना स्तर का एक दिवसीय उन्मुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक बोकारो के सभाकक्ष में किया गया। सर्वप्रथम जिला परामर्शी एनटीसीपी ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व कोटपा-2003 अधिनियम के विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्मुखीकरण में कोटपा-2003 की धारा-4, धारा 5, धारा-6ए व बी0 एवं धारा 7 के बारे में बताया गया साथ ही तम्बाकू नियंत्रण के लिये चालानिंग रणनीति व ई-सिगरेट पर विशेष अभियान चलाये जाने हेतु जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ने प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागी को बताया गया कि माह में कम से कम चार बार कोटपा के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु छापामारी के लिये जरूर निकले साथ ही ध्यान दें कि जब भी चालान के लिये निकले तो विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अपने रसीद पर चालान करना सुनिश्चित करें/स्कूल के आस पास के दुकानों पर विशेष ध्यान देते हुये चालान करना शुरू करें। श्री गुप्ता ने सभी कोटपा प्रभारी को सिंगल सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों पर कोटपा के तहत कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया साथ ही बिना बैधानिक चेतावनी वाले सिगरेट पर कार्रवाई अवश्य करें।प्रशिक्षण के दौरान सभी कोटपा नोडल पदाधिकारी को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक दिन चालान की कापी गश्ती गाडी में जरूर रखें और समय समय पर चालान करते रहें ताकि आने वाले लोक अदालत में इसकी प्रगति को दशार्या जा सके। प्रशिक्षण में अनिमेश कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बोकारो, जिला परामर्शी मो0 असलम, छोटेलाल दास व सभी कोटपा नोडल पदाधिकारी थाना स्तर उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### 20 साल से सेवा करते हुये अपार खुशी मिल रही है : डॉ शिवानी झा



**धनबाद :** श्रीकृष्णा मातृ सदन कतरास रानीबाजार में स्थित 20 साल पूरा होने पर सभी स्टॉफ ने मिलकर केक काटकर खुशी मनाया। संचालिका डॉक्ट शिवानी झा ने कहा कि पूरा अस्पताल परिसर के सभी स्टाफ मेरा परिवार है,कॉल फॉर हेल्प के जरिये सभी स्टाफ एक साथ सेवा के लिये तत्पर रहती है,मुख्य संचालिका डॉ झा ने कहा सेवा करते करते 20 वर्ष गुजर गये पता ही नही चला,शुरूआती दौर में जब छोटे बच्चे थे तो यह कार्य बहुत मुश्किल लगता था। समय के साथ साथ सब ठीक हो गया। महिला मरीजों को पहले बेहतर सुविधा के लिये बाहर जाकर ईलाज करवाना पड़ता था लेकिन 20 साल से यह सुविधा कतरास के श्रीकृष्णा मातृ सदन में उपलब्ध होने से काफी सुविधा मिली है। सभी स्टाफ को सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि सेवा परमो धर्म पर जोर देते हुये कहा कि 20 वर्षो के सफर में कई बार उतार चढ़ाव को देखते हुये श्रीकृष्णा मातृ सदन आज अपने स्थापना के 20 साल पूरा करने पर सभी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि न्याय की लड़ाई में प्रेस की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा, डॉक्ट वी एन चौधरी, डॉक्ट नेहा प्रियदशनी, डॉक्ट धीरज कुमार,अनुज कुमार, शंकर चौहान, गौतम मंडल, बिनोद सिन्हा,धीरज कुमार सिंह,राकेश कुमार, मुन्ना झा,मुन्ना सिंह सहित श्रीकृष्णा मातृ सदन के सभी नर्स सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

### ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं ठाकुर कुल्ही निवासियों के द्वारा ठाकुर कुल्ही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में धूमधाम एवं हर्षोर्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ की गई । भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जिसमें श्रद्धालुगण झूमते नजर आए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सचिव मनीष मिश्रा, सहसचिव राजकुमार शर्मा, मनीष पाठक, विकास राय, । संजय मिश्रा, जगन्नाथ पाठक, विमल कुमार, प्रद्युत कुमार राय,बबलू सिंह, जयंत मिश्रा, रंजीत जायसवाल, श्रवण चौरसिया, मनीष जायसवाल, सुमित पाठक, प्रसुन्न पांडे, प्रवीर दास,सुभम मिश्रा एवं सदस्यों का अहम योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी क्लास रूम में घुसा भारत के सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपर



**कतरास :** आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका नीतू गुप्ता द्वारा गेट खोलकर बच्चों के साथ जैसे ही क्लास रूम में प्रवेश करते हैं वैसे ही कोने से जोर जोर से सांप के फूंफकारने की आवाज सुनाई देते हैं। सभी डर से बाहर निकल जाते हैं ।ग्रामीणों का भीड़ जमा हो जाती है। सेविका ने सांप की सूचना संस्था बीइंग काइंड एंड हैप्पी के अध्यक्ष डॉ स्वतंत्रत कुमार को देती हैं।वन विभाग को सुचित कर वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एक्सपर्ट राणा प्रताप सिंह ने सुरक्षित सांप को रेस्क्यू कर फॉरेस्ट एरिया में रिलीज किया। उन्होंने बताया ये रसेल वाइपर हैं जिसे चेहर चंदा कहते हैं। ये भारत के बेहद विषैला सांप में से एक है। इसमे पाया जाने वाला हीमोटोकसीन जहर खुन को खराब कर देता है, किडनी और जरूरी अंग को खराब कर देता हैं। ईलाज समय पर नहीं होने पर दर्दनाक मौत हो जाती है। सांपों से जुड़ी बहुत सी जानकारियाँ साझा किया। सांपों को दूर करने वाली कुछ केमिकल का छिड़काव करनेऔर आसपास सफाई करने की अपील किया ।मौके पर जानिक कुमार, शिवराम दुबे , राज , तूषार, संदीप मौजूद थे।

### बोकारो वासियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा बोकारो प्रबंधन : रणधीर

**बोकारो :** राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश के नेता रणधीर सिंह ने कहा बोकारो प्रबंधन इस्पात कर्मियों एवं नगर वासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है बोकारो नगर के कई सड़क इतनी जर्जर अवस्था में है की आए दिन वाहन दुर्घटना होती रहती है सेक्टर 9 के बी रोड से लेकर रामडीह मोड जाने वाले मुख्य मार्ग में कई ऐसे गड्ढे हैं जहां लोग गिरकर हाथ पैर तुड़वा रहे वही सेक्टर 8 कालीबाड़ी से लेकर एमजीएम विद्यालय तक जाने वाली सड़क का भी बुरा हाल है इन सड़कों से विभिन्न पालियो में इस्पात कर्मियों का आना-जाना होता है प्रबंधन को इस बात की जानकारी होने के बाद भी इन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं करना गलत है वही बरसात के मौसम में लगातार नगर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है पहले शहर में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव होता था लेकिन विगत पिछले कुछ वर्षो से बोकारो प्रबंधन नगर वासियों को भगवान भरोसे छोड़ रखा है कई कर्मियों और सेवानिवृत्ति कर्मियों के परिजन डेंगू मलेरिया जैसे बीमारी से आए दिन ग्रसित हो रहे हैं एक तरफ बोकारो प्रबंधन हर तिमाही में मुनाफा दिख रहा है वहीं शहर के मूल भूत सुविधाओं में कटौती कर रही है शीघ्र अगर इस दिशा में सार्थक पहला बोकारो प्रबंधन के द्वारा नहीं किया गया तो आने वाले समय में यूनियन के बैनर तले उग्र आंदोलन चलाया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से जैन शर्मा, रामायण शर्मा, राजबल्लभ पांडे, तारकेश्वर प्रसाद, जीतन राम मांझी, नकुल प्रसाद, रामजी सिंह, केपी सिंह, डीप सिंह, आर्यन सिंह, मोहम्मद मुर्तजा, शौकत अली, सत्तार भाई आदि क्या लगे दर्जनों पार्टी एवं यूनियन के सदस्य मौजूद थे।

## एक नजर

### निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**रांची** : सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को ज्ञानोदय उच्च विद्यालय में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डेंटावीटा डेंटल क्लिनिक कांके रोड की डॉ सौम्या सिन्हा ने 200 से अधिक छात्राओ की दांतों की जांच कर उसकी देखभाल के लिए भी जागरूक किया। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शारदा फाउंडेशन ने डेंटावीटा डेंटल क्लिनिक के साथ मिलकर यह दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। डॉ सौम्या ने कहा कि बच्चे दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। इस कारण दांतों में कैविटी ज्यादा जमा हो जाती है। इससे दांतों में सड़न होने लगती है। इसलिए दांतों की स्वच्छता पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए। शिविर में पायरिया, फ़्लोरोसिस, कैविटी के ज्यादा रोगी पाए गए। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्रों के बालिका विद्यार्थियों के बीच सैकड़ों टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश वितरित किए गए।

### पीएलएफआई सुप्रीमो को एटीएस कोर्ट ने दी दो साल की सजा

**रांची** : एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप को दोषी करार करते हुए दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। मौत का भय दिखाकर लेवी वसूलने से जुड़े मामले में एटीएस कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद यह फैसला सुनाया है। साथ ही अदालत ने उस पर बीस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दिनेश गोप को अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी। एटीएस ने कोर्ट में छह गवाह और कई साक्ष्य प्रस्तुत किये, जिनके आधार पर कोर्ट ने दिनेश गोप को दोषी करार दिया है। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने दिनेश गोप के खिलाफ वर्ष 2023 में प्राथमिकी दर्ज की थी। जिसका कांड संख्या 02/2023 है। आईपीसी की धारा 385 और 17 (सीएलए) एक्ट के तहत दिनेश गोप को आरोपित करते हुए उस पर मुकदमा दर्ज किया गया था। फिलहाल, दिनेश गोप जेल में बंद है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**रांची** : रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के खुशी टेलीकॉम में हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपित राहुल पंडित को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है। इसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपित को जब गिरफ्तार किया तब उसके पास पहले से एक ब्लेड था। उससे उसने अपना हाथ काट लिया। आनन-फानन में एक जवान ने देखा तो उसे ब्लैड छिनने का प्रयास किया, इस दौरान जवान का भी हाथ काट गया। दोनों जख्मी हो गये। दोनों का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। दोनों खतरे से बाहर है।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री

**रांची** : एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सीएसआर पहल के तहत नामकुम स्थित महादेव टोली गांव में मंगलवार को 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, किराने का सामान वितरित किया। यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से की गई। रेखा जैन ने स्वयंसिद्ध महिला क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने किराने की सामग्री उपलब्ध कराने की पहल में पूरे दिल से योगदान दिया है।

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल, सिर्फ नेता-मंत्री को मिलता है स्पेशल ट्रीटमेंट : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन 23 अगस्त को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की। साथ ही इसे हाई कोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया।

कोर्ट ने मौखिक कहा, प्रतीत होता है कि साजिश के तहत उन्हें रोका गया। कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था। इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है। हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं है। लगता है सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था राजनीतिज्ञ एवं मंत्रियों के लिए है। जब एक हाई कोर्ट का सिटिंग जज ने सुरक्षित नहीं है तो दूसरे अन्य कोर्ट का भी जज सुरक्षित नहीं है।

हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने तीनों पुलिस के वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज ने मुख्यमंत्री आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है। आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है।

जस्टिस ने कहा कि रांची में 23 अगस्त को हाई कोर्ट से वापस लौटने के दौरान सीएम आवास कांके रोड के समक्ष जाम के कारण उन्हें रुकना पड़ा। इस दौरान उनके पीएसओ ने ट्रैफिक एसपी समेत कई आला पुलिस अधिकारियों से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास कई बार किया लेकिन दूसरी तरफ से किसी तरह का रिस्पांस नहीं आया। इस दौरान उन्होंने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी से बात की। डीजीपी के दिशा-निर्देश के बाद उन्हें जाम से निकाला गया। इस दौरान वे आधा घंटा से अधिक समय तक जाम में फंसे रहे थे। इससे पहले डीजीपी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ चूक हुई है। कोर्ट ने उनसे कहा कि जब रांची शहर में धरना-प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम होते है तो हजारों लोगों को राजधानी में प्रवेश के लिए कैसे अनुमति दी जाती है।

## कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास से युवाओं को अवगत कराना होगा : प्रदेश अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत चतरा और लातेहार जिलों में कार्यकताओं के साथ मंगलवार को संवाद किया। इसके पूर्व इटखोरी भद्रकाली मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। चतरा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा छोड़ सुभाष दास ने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यकताओं के साथ संवाद करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जो भी उम्मीदवार होगा वह कांग्रेस का होगा। किसी व्यक्ति विशेष का नहीं होगा। इसलिए कोई गलतफहमी कार्यकताओं के मन में नहीं रहना चाहिए। कांग्रेस की नीति, कार्यक्रम, त्याग, बलिदान और गौरवशाली इतिहास से युवाओं को अवगत कराना होगा। कमलेश ने कहा कि हमारी महागठबंधन की सरकार जनता की सरकार है। भाजपा की तरह अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों की सरकार नहीं है। झारखंड में किसानों का दो लाख का ऋण माफ किया गया जबकि केंद्र की भाजपा सरकार बड़े पूंजीपतियों का औद्योगिक ऋण माफ कर रही है, उन्हें किसानों से कोई मतलब नहीं। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, ओल्ड पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना सहित कई ऐसी योजनाएं धरातल पर चल रही हैं, जिससे भाजपा नेताओं की रातों की नींद उड़ी हुई है और वह हर दिन नए चुनावी मुद्दे तलाश रहे हैं। कमलेश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में परिवार की प्रत्येक महिला को मिलने वाली मईंया सम्मान योजना से भाजपा के पैरों के नीचे की बची हुई जमीन भी खिसक चुकी है।

## रूट बांटने के विरोध में ई रिक्शा और ऑटो ड्राइवर रहे हड़ताल पर, यात्री परेशान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची शहर के 20 किलोमीटर की परिधि में चलने का नियम बदलकर 4 जोन को 17 रूट में बांटने के विरोध में ऑटो और ई रिक्शा ड्राइवर मंगलवार को चक्का जाम( हड़ताल) पर है। ऑटो और ई-रिक्शा नहीं चलने पर सुबह से ही यात्री परेशान हैं। हर चौक चौराहों पर लोग ऑटो और ई-रिक्शा का इंतजार करते दिख रहे है।

ड्राइवरों की मांग है कि तीन किलोमीटर परमिट का परमिशन रद्द करें और 16 से 20 किलोमीटर का अनुमति प्रदान करें , जगह-जगह अवैध वसूली होती है इसका प्रशासन ध्यान दें। जिन लोगों को परमिट नहीं दिया गया है, उसे अभिलंब परमिट देने की पहल करें।

ड्राइवर का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाएगी। किसी रूट पर ऑटो और ई रिक्शा का परिचालन नहीं होगा। सड़कों पर एक दो ऑटो चल भी रहे थे उसे अन्य चालकों ने बंद करवा दिया।

वहीं दूसरी ओर झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि ऑटो चालक खुद शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पहुंच कर ऑटो परिचालन को बंद करा रहे हैं। जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकाल चक्का जाम पर ऑटो और ई रिक्शा के चालक रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम ऑटो चालकों ने जाकिर हुसैन पार्क के समीप आरटीओ सचिव और ट्रैफिक एसपी का पुतला दहन किया था और चक्का जाम का ऐलान किया था।

### सांसद ने जन जागरण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

## राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को बर्बाद किया : चंद्र प्रकाश चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को जनजागरण रथ को हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले जनजागरण पदयात्रा में लोगों को वीडियो के माध्यम से सरकार के वादों और हकीकत से रूबरू कराएंगे।

मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को बर्बाद किया है। विकास की राह पर अग्रसर झारखंड को इन्होंने अपनी गलत कार्यशैली से पीछे धकेल दिया है। झूठे वादे कर सत्ता में बैठे लोगों से हम पूछना चाहते हैं कि उनके द्वारा किए गए कितने वादे पूरे हुए। पांच साल तक की जाती रही जनता के साथ धोखाधडी का यह मूल्यांकन का समय है। जनजागरण पद यात्रा के माध्यम से हम राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों के बारे में लोगों को बताएंगे।

इस मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची जिला परिषद अध्यक्ष सह केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत, जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, हरीश सिंह, परवाज खान, डॉ. पार्थ पारितोष, सुनील यादव, दया शंकर झा, अब्दुल जब्बार अंसारी, अमित कुमार, अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, रोहित चौधरी समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गीता का उपदेश सभी मनुष्य के लिए प्रेरणास्रोत : कुलपति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने 26 अगस्त को शाम 5 बजे से 11 बजे तक गीत, संगीत, नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रात्रि 12 बजे आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। मंगलवार को हवन, आरती तथा दही हांड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता का उपदेश सभी मनुष्य के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मनुष्य को उसके द्वारा किए गए कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है, इसलिए सदैव सत्कर्म करने चाहिए। जो व्यक्ति गीता के संदेशों को अपने जीवन में उतारता है वह सभी दुखों, वासनाओं, क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मोह, लालच के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कार्यक्रम का संयोजन कॉलेज की सांस्कृतिक प्रभारी डॉ नंदनी कुमारी के मार्गदर्शन में अक्षय राठौर और तान्या ने किया। पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद, डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव, डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल, एसोसिएट डीन डॉ एके पाण्डेय सहित संकाय के शिक्षकों एवं 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने आयोजन में भाग लिया।

# झालसा के नए भवन निर्माण में देरी पर हाई कोर्ट नाराज, राज्य सरकार से मांगा जवाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कई जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) की हाई कोर्ट के निकट बनने वाले भवन के निर्माण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई।

खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि वर्ष 2018 में इस भवन के निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये की टेक्निकल स्वीकृति दी गई थी, जो वर्ष 2024 में 57 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह झालसा के नए भवन को बनाने के लिए मे देरी क्यों कर रही है जबकि इसके लिए जमीन भी सरकार की ओर आवंटित कर दी गई है और जमीन की घेराबंदी भी हो चुकी है। निर्माण में देरी करने से लागत राशि में बढ़ोतरी होती है। कोर्ट ने कहा कि झालसा के नए भवन बनने में छह वर्षों की देरी हो चुकी है, जो पैसे खर्च होंगे जनता की कमाई के पैसे हैं। साथ ही कहा कि यदि राज्य सरकार की ओर से कारण स्पष्ट नहीं किया गया तो मुख्य सचिव को भी कोर्ट में बुलाया जा सकता है। झालसा के पुराने भवन में मेडिएशन सेंटर, ऑडिटोरियम जैसे कई आधारभूत संरचना की कमी है। राज्य के सिविल कोर्ट सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना के संबंध में खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने काउंसिल से पूछा है कि जिलों के बार भवन मे सुरक्षा की क्या-क्या कमी है और कहां-कहां भवन बनाने की जरूरत है, इन सारे विषयों पर जवाब दाखिल करें। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी आवंटित फंड के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची** : साधु संत के तुम रखवारे असुर निकंदन राम दुलारे के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 116 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 116 वां कार्यक्रम मंगलवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। अनिल नारनोली हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। अनिल नारनोली ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, अंकित आदि उपस्थित थे।

### एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद



**रांची** : राजधानी की चान्हों थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलेरो पिकअप वाहन से इंपीरियल गोल्ड कम्पनी का 2080 बोतल अंगेजी शराब बरामद किया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-75 मुख्य मार्ग में पादुक पुल के समीप एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन (जेएच01 बीई 5815) को रोका गया, जिसपर उक्त वाहन के चालक और एक अन्य व्यक्ति उक्त वाहन से उतरकर भागने लगे। उन्हें पकड़ने का फाफी प्रयास किया गया लेकिन दोनों व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। एंटी क्राइम चेकिंग में चान्हो थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, संजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों ने हाई कोर्ट को किया गुमराह : बाबूलाल मरांडी



**रांची** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर मंगलवार को पोस्ट कर कहा कि संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों ने हाई कोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। मरांडी ने लिखा कि झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी एक कड़वी सच्चाई है। हालिया कुछ सालों के दौरान बांग्लादेशी मुसलमानों के अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज की आबादी में निरंतर गिरावट आयी है, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए हाई कोर्ट ने संथाल परगना के उपायुक्तों से जवाब मांगा था लेकिन हेमंत सोरेन के इशारे पर संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों ने आदिवासियों की घटती आबादी की हकीकत को छुपाकर हाई कोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आखिर हेमंत सोरेन इस सच्चाई को आदिवासी समाज से छुपाकर उन्हें अंधेरे में क्यों रखना चाहते हैं? क्या हेमंत सोरेन का शासन-प्रशासन भी आदिवासियों को मिटा देना चाहता है?

### बकरी शोध परियोजना के तहत 454 बकरियों का किया गया टीकाकरण



**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की बकरी सुधार संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत लोहरदगा जिला के टीको ग्राम में टीकाकरण शिविर तथा वैज्ञानिक बकरी पालन विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर में फड़किया (एन्टेरोटॉक्सीमिया) रोग से बचाव के लिए 454 बकरियों का टीकाकरण किया गया। यह बकरी एवं भेड़ में पाया जाने वाला मुख्य जीवाणु जनित रोग है। यह एक स्पोर फॉर्मिंग रोग है, जिसके रोगाणु मृदा एवं पशु की ग्रास नली में अपनी प्राकृतिक अवस्था में पाये जाते हैं। जबतक इस बीमारी के लक्षण पूरी तरह स्पष्ट होते हैं तबतक चपेट में आए पशु की मृत्यु हो जाती है, इलाज का अवसर प्रायः नहीं मिल पाता। परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने ग्रामीणों को बताया कि रोग से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है क्योंकि रोग का फैलाव हो जाने पर पशुओं का प्रभावी इलाज मुश्किल हो जाता है और बचने की संभावना बहुत कम रह जाती है। शिविर में बकरियों के लिए बीएयू द्वारा मांगे, डायरिया एवं परजीवी रोगों से बचाव के लिए दवा भी वितरित की गयी। शिविर एवं किसान गोष्ठी में परियोजना के सहायक प्रधान अन्वेषक डॉ दिनेश कुमार एवं डॉ शैलेन्द्र रजक शामिल थे। नवीनतम पशु जनगणना के अनुसार लोहरदगा जिला में बकरियां की आबादी लगभग 30,000 है। वन आच्छादन, चारा एवं कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता के कारण इस जिले में बकरी पालन किसानों की आजीविका का प्रमुख साधन है और कुछ घरों में तो 30 से भी अधिक बकरियां पाई गईं। ब्लैक बंगाल बकरियों के लाभकारी पालन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आधुनिक प्रजनन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा तथा सीमेन बैंक की स्थापना की जाए।

# थाईलैंड में चीन से क्यों पिछड़ रहा भारत



डॉ. अनिल कुमार निगम

थाईलैंड में नई प्रधानमंत्री पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा के नेतृत्व में एक नया राजनीतिक युग शुरू हुआ है। भारत के लिए यह समय महत्वपूर्ण है कि वह थाईलैंड के साथ अपने संबंधों को और गहरा करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईसा पूर्व चौथी या पांचवीं शताब्दी के भगवान बुद्ध के अवशेषों को थाईलैंड भेजकर वहां के साथ सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की कोशिश की है। लेकिन आज चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच, भारत को थाईलैंड में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए भारत को रणनीतिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक तीनों ही स्तरों पर ठोस कदम उठाने होंगे। क्या भारत थाईलैंड में पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा के नये दौर में वहां चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा के साथ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए कोई ठोस प्रयास कर सकता है?

थाईलैंड में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करना भारत के लिए जरूरी...

जिस थाईलैंड में भारतीय पंडितों के बगैर पूजा नहीं होती, जिसके साथ भारत के ढाई हजार साल पुराने संबंध हैं, जो महज 4-5 घंटे की दूरी पर है, और जहां भारतीय पर्यटक बहुतायत में जाना पसंद करते हैं - उस थाईलैंड में आज भारत चीन से क्यों पिछड़ रहा है। थाईलैंड में चीन की न सिर्फ आर्थिक बल्कि सैन्य गतिविधियां भी तेजी से बढ़ी हैं। वहां की नयी प्रधानमंत्री बनी 37 वर्षीया पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा थाईलैंड के पिता पूर्व प्रधानमंत्री थाक्सिन शिनावात्रा के साथ भारत के गहरे संबंध रहे हैं। तो आज भारत के लिए इन संबंधों का फायदा उठाकर थाईलैंड में चीन का बढ़ता प्रभाव कम करने का समय है। क्या भारत इस दिशा में कोई ठोस पहल कर सकता है?

बैंकॉक भारतीयों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। नई दिल्ली से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक जाने में महज चार-पाँच घंटे लगते हैं। अब यदि आप बैंकॉक जाएंगे, तो वहां आपका स्वागत थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा की सरकार करेगी। भारत और थाईलैंड के संबंध हजारों साल पुराने हैं। चाहे वह व्यापार हो, सांस्कृतिक आदान-प्रदान हो, या फिर सामरिक दृष्टिकोण से जुड़ी साझेदारी हो, दोनों देशों के बीच के संबंध अद्वितीय हैं। परंतु, वर्तमान समय में, थाईलैंड का झुकाव चीन की तरफ अधिक होता दिख रहा है, जो भारत के लिए एक चुनौती हो सकती है। भारतीयों के लिए थाईलैंड न केवल पर्यटन का एक लोकप्रिय केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध गहरे रहे हैं।

पैटॉन्गटर्न, जिन्हें उंग इंग के नाम से भी जाना जाता है, अपनी चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद प्रधानमंत्री बनने वाली थाईलैंड की दूसरी महिला नेता हैं। उनका चुनाव भारत के लिए उनके पिता प्रधानमंत्री थाक्सिन द्वारा स्थापित गर्मजोशी भरे संबंधों को और मजबूत करने का एक रणनीतिक अवसर है। थाई राजनीति का यह नया दौर ऐसे समय में आया है, जब भारत का व्यापक लक्ष्य दक्षिण पूर्व एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना है।

उनके राजनीतिक करियर का उदय एक विशेष रूप से अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के बीच हुआ, जब थाईलैंड में संवैधानिक अदालत ने उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री स्रेथा थविसिन को एक विवादास्पद कैबिनेट नियुक्ति के कारण पद से हटा दिया।

थाईलैंड में सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता का लंबा इतिहास रहा है। 2006 और 2014 में हुए दो बार हुए सैन्य तख्तापलट ने देश की राजनीति को बुरी तरह प्रभावित किया। थाईलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री, यिंगलक शिनावात्रा, जो पैटॉन्गटर्न की चाची हैं, का कार्यकाल भी इसी अस्थिरता का शिकार हुआ। हालांकि, भारत के लिए इन घटनाओं के बीच एक रणनीतिक अवसर भी छिपा है।



थाक्सिन शिनावात्रा और भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल 2001 से 2006 के दौरान भारत-थाईलैंड संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। आर्थिक-रणनीतिक सहयोग बढ़ा। मुक्त व्यापार समझौता हुआ, और संयुक्त सैन्य अभ्यास और द्विपक्षीय नौसैनिक रक्षा सहयोग भी शुरू हुआ। समुद्री सहयोग व कनेक्टिविटी बढ़ाने के अलावा भारत, म्यांमार और थाईलैंड के बीच त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देशों में उल्लेखनीय सहयोग देखा गया।

भारत की स्वतंत्रता के बाद सन 1947-76 के दौरान भारत-थाई संबंध ठंडे रहे थे। 1970 के दशक तक थाईलैंड पर सैन्य शासकों का शासन था। 1986 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की थाईलैंड यात्रा ने इस स्थिति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1994 में शुरू हुई भारत की लुक ईस्ट नीति और थाईलैंड की लुक वेस्ट नीति ने द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम दिया। इसके बाद के वर्षों में, दोनों देशों ने अपने आर्थिक और सामरिक सहयोग को बढ़ाया। 2011 में थाक्सिन की बहन यिंगलक शिनावात्रा के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके कार्यकाल (2011-2014) के दौरान भारत और थाईलैंड के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, और व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

हालांकि, 2014 में यिंगलक शिनावात्रा को भी सत्ता से बेदखल कर दिया गया, और वह अब चीन में निर्वासित जीवन बिता रही हैं। इस बीच, थाईलैंड और चीन के संबंध मजबूत होते गए। थाईलैंड अब चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है और दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सैन्य सहयोग में भी तेजी आई है। चीन ने थाईलैंड में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बड़ा निवेश किया है, जैसे कि बैंकॉक को लाओस-चीन हाई स्पीड रेल से जोड़ने का प्रोजेक्ट। इसके अलावा, चीन ने थाईलैंड को 5जी नेटवर्क स्थापित करने के लिए हुवावे जैसी कंपनियों के माध्यम से भी सहायता प्रदान की है।

थाईलैंड में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत ही नहीं अमरीका के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौती है। शीत युद्ध के बाद से अमरीका थाईलैंड का प्राथमिक हथियार आपूर्तिकर्ता रहा, लेकिन यह स्थान अब चीन ने ले लिया है। चीन ने न केवल थाईलैंड के रक्षा क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाया है, बल्कि थाईलैंड के साथ नियमित रूप से संयुक्त सैन्य अभ्यास भी किया है। इसके अलावा, थाईलैंड ने चीन से बड़ी संख्या में टैंक, बख्तरबंद वाहन, और पनडुब्बियाँ खरीदी हैं। चीन अब थाईलैंड का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया है। 2023 में थाईलैंड में चीन का कुल निवेश 43% बढ़कर 23.79 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था पर चीन के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में लगभग 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इस व्यापार में भारत का हिस्सा कम है। थाईलैंड में भारत का मुख्य निर्यात कपड़ा, रत्न और फार्मास्यूटिकल्स हैं, जबकि थाईलैंड से भारत को आयात मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोक्ता उत्पादों का है। भारत और थाईलैंड दोनों ही आसियान क्षेत्रीय मंच और एशिया सहयोग वार्ता जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक साथ काम करते हैं।

भारत ने दक्षिणी थाईलैंड में इस्लामी अलगाववादियों से निपटने के लिए थाई लोगों की सहायता की, जिसके बदले थाईलैंड ने कंबोडिया में उत्पन्न होने वाले हथियारों की आपूर्ति के लिए उनकी जमीन का उपयोग करने वाले भारतीय अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की। 2006 से भारत-थाई नौसेनाओं की अंडमान सागर में प्रतीकात्मक समन्वित गश्त और जनवरी 2012 में रक्षा सहयोग के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बावजूद कहीं न कहीं दोनों देशों के सुरक्षा संबंध अपेक्षाकृत अविकसित ही हैं। कुल मिलाकर थाईलैंड में भारत चीन से पिछड़ रहा है।

ऐसा तब है, जब दोनों देशों के संबंध हजारों साल पुराने हैं। थाई संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव है। थाईलैंड बौद्ध धर्म को मानता है, जो भारत से उत्पन्न हुआ है। रामायण की हिंदू कहानी भी पूरे थाईलैंड में रामकियेन के नाम से प्रसिद्ध है। लगभग 2500 साल पहले जब सम्राट अशोक ने सुवर्णभूमि में भिक्षुओं को भेजा था, तब से लेकर आजतक थाईलैंड में भारतीय पुजारियों का स्वागत किया जाता रहा है। थाईलैंड की समुद्री सीमा भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ जुड़ी है।

दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार थाईलैंड में रहने वाले लगभग 250,000 भारतीय और 25,000 से अधिक एनआरआई भारत-थाईलैंड संबंधों के जीवंत प्रतीक हैं। आज बड़े पैमाने पर भारतीय थाईलैंड की यात्राएं करते हैं। 15 से अधिक भारतीय शहरों से लगभग 400 साप्ताहिक उड़ानों के साथ सीधे जुड़े थाईलैंड में 2023 में लगभग 1.6 मिलियन भारतीय पर्यटक पहुंचे, तो चीन से 3.5 मिलियन। हालांकि 2023 में महज 0.11 मिलियन थाई पर्यटक ही भारत आये। थाईलैंड भारतीयों को तो अधिकतम 5 साल का वीजा देता है, लेकिन थाई एलीट वीजा चीनी नागरिकों को 20 साल तक थाईलैंड में रहने की अनुमति देता है। भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में 16.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिसमें भारत से थाईलैंड को निर्यात 5.92 बिलियन अमेरिकी डॉलर और थाईलैंड से भारत को आयात 10.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

## संपादकीय

### अक्षम्य अपराध

महिलाओं के खिलाफ अपराध को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षम्य करार देते हुए दोषियों को न बख्शने की बात की। उनके इस बयान से आधी आबादी को जरूर हौसला मिला है। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर महाराष्ट्र में जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने व देश के हर राज्य की महिलाओं के दर्द और गुस्से को समझते हैं। मोदी ने कहा, सरकारें आएंगी, जाएंगी पर सरकार और समाज दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए उनकी सरकार राज्य सरकारों पर दबाव बना रही है। महाराष्ट्र के ही बदलापुर के स्कूल में हुए मासूम बच्चियों के यौन शोषण तथा कोलकाता की प्रशिक्षु चिकित्सक के बलात्कार व हत्या तथा उनके खिलाफ हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद वह सार्वजनिक तौर पर बोले। उधर, डॉक्टर की हत्या के मामले में पूर्व प्राचार्य, उप प्राचार्य समेत 15 लोगों के ठिकानों पर सीबीआई ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम के साथ छापे मारे। जेल में बंद इस बलात्कार व हत्या के मुख्य आरोपी संजय राय का इस दरम्यान पॉलीग्राफ टेस्ट भी किया गया। इस टेस्ट के दौरान मशीनों व कंप्यूटर द्वारा आरोपी के झूठ बोलने को मापा जाता है। मासूम बच्चों व महिलाओं के खिलाफ बढ़ते जा रहे यौन अपराधों को लेकर जन-मानस में बहुत गुस्सा है। वे त्वरित व सख्त सजाओं की मांग के साथ सड़कों पर उतर रहे हैं। बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए मोदी ने सख्ती से महिलाओं की सुरक्षा की बात उठाई। हालांकि सबसे बड़ी अदालत ने मारी गई चिकित्सक के मसले पर किसी तरह की राजनीति न करने के सख्त निर्देश दिए हैं, परंतु प्रधानमंत्री ने अपनी संवेदनाएं किसी का नाम या घटना का जिक्र किए बगैर ही व्यक्त कीं। केंद्रीय गृह मंत्रालय भी महिलाओं/स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। केवल बच्चों व महिलाओं के खिलाफ ही नहीं बल्कि सभी तरह के अपराधों की बढ़ख्ती संख्या को देखते हुए कहना उचित होगा कि राज्य सरकारें इन्हें अपनी प्राथमिकता में रखने से निरंतर कोताही कर रही हैं। शायद इसी वजह से अपराधियों का मन बढ़रूखा है। यह जनताझ्रजनार्दन का अपमान है। सुरक्षाझ्रव्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को अधिक मुस्तैद बनाने और राज्य को अपराधमुक्त रखने की जिम्मेदारी से वे मुक्त नहीं रह सकतीं।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दुसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# फिराक गोरखपुरी जन्म दिवस- फिराक गोरखपुरी में बसी थी भारत की सांझी संस्कृति

शायर-ए-जमाल-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा उत्पन्न की। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं।

फिराक गोरखपुरी का जन्म 28 अगस्त 1896 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ। वे एक अमीर परिवार से संबंधित थे। उनके पिता का नाम मुंशी गोरख प्रसाद था, वे पेशे से वकील थे, किन्तु शायरी में उनका बहुत नाम था। इसी कारण फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। उर्दू कविता के प्रति उनके मन मे छोटी आयु में ही रुझान था। बाल्यावस्था में ही उन्होंने उर्दू में कविताएं लिखना आरंभ कर दी। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई में वे बड़े ही योग्य एवं होनहार विद्यार्थी थे। सन् 1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया। 1920 में स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको डेढ़ वर्ष की जेल की यात्रा सहन करनी पड़ी। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक भी रहे। उनका कहना था कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है बल्कि आम भारतवासियों की भाषा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू उनकी इस सोच से अत्यधिक प्रभावित हुए, उन्होंने फिराक को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया। नेहरू ने फिराक को जेल से छूटने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में अन्डर सेक्रेटरी बना दिया। लगभग 50 वर्षों तक वे सांप्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द के लिए काम करते रहे। फिराक की कविता में कुछ स्थानों पर रूमानियत देखी जा सकती है उन्होंने वियोग, श्रृंगार के सुंदर चित्र अंकित किए हैं।

अपनी हाजिर जवाबी की वजह से फिराक काफी मशहूर थे। उनका बातचीत का लहजा इतना चुटीला होता था कि एक बार कोई उनके पास बैठ जाए तो उठता नहीं था। वह जो भी बोलते थे, बेधड़क बोलते थे और अंदाज ऐसा कि महफिल ठहाकों में भर उठती थी। वे जिन्दादिल इंसान थे तो चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे। समस्याओं के आर-पार जाने की क्षमता, वास्तविकताओं पर पड़े आवरणों को तोड़ देने की ताकत, मनुष्य की चिन्ता, सौन्दर्य की अभिव्यक्ति उनकी शायरी एवं सृजन में भी दिखाई पड़ती है। इतिहास और वर्तमान-दोनों जगह वह उत्पीड़न के खिलाफ थे और उसकी अभिव्यक्ति में पूरी तरह भयमुक्त थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता की गहराई से जुड़े थे और उस पर वह अटल भी रहते थे किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाती। वह हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है। यह उनके व्यक्तित्व की बड़ी उपलब्धि है। स्वभाव में एक औलियापन है, फक्कड़पन है और अलमस्त अंदाज है। किसी को उनका व्यक्तित्व भाया तो किसी को वह बिल्कुल पसंद नहीं आए लेकिन उनके शेरों की कद्र हर किसी ने पूरी तबीयत से की। उनका लोहा तब भी जग ने माना और आज भी मान रहा है। वे सदियों तक इसी तरह अपनी शायरी के कारण जीवंत बने रहेंगे। उनकी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा इलहाबाद बीता। और यहीं से वे शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे। इलाहाबाद में फिराक, महादेवी वर्मा और निराला को मिलाकर उस दौर के साहित्य की दुनिया की त्रिवेणी बनती थी। उनकी अनौपचारिक संगोष्ठियों में अंग्रेजी के विद्वानों के साथ-साथ तुलसी, कालिदास और मीर के पाठ भी समानांतर चलते थे। गहरी-गहरी और गोल-गोल डस लेने वाली आंखों में उनके व्यक्तित्व का फक्कड़पन खूब जाहिर होता था। फिराक के पिता भी अच्छे शायर थे, इसलिए उनके आवास लक्ष्मी निवास पर साहित्यकारों की खूब महफिल सजती थी। महफिल सजाने वालों में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द भी शामिल थे। कई बार प्रेमचंद वहां रुक भी जाते थे, जब फिराक की पत्नी को उनके लिए परहेजी खाना बनाना पड़ता था। इस दौरान फिराक का प्रेमचंद से एक खास रिश्ता बन गया था। फिराक की बेटी प्रेमा देवी ने अपने एक संस्मरण में लिखा है कि लक्ष्मी निवास पर पंडित नेहरू भी कई बार आए थे क्योंकि नेहरू के वे काफी नजदीक थे।

**- ललित गर्ग**

# आपदा प्रबंधन : शैक्षणिक पाठ्यक्रम का बने अंग



रीतेश ओमप्रकाश जोशी



प्राकृतिक आपदा से हर वर्ष देशवासियों को जूझना पड़ता है। पहाड़ी क्षेत्रों में अतिवृष्टि से बाढ़ के साथ भूस्खलन जैसी समस्या मिलती है, तो मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ से जलमग्न होते नगर तथा गांवों में जान और माल की बबार्दी के दृश्य दिखलाई पड़ते हैं, वहीं समुद्र के तटवर्तीय क्षेत्रों में हर साल चक्रवर्ती तूफान से जानमाल के साथ करोड़ों रुपए की क्षति के समाचार मिलते ही हैं।

भौगोलिक विविधता का यह स्याह पहलू ही है कि कही बाढ़ से जन जीवन अस्त-व्यस्त हैं तो कहीं सूखे के कारण पीने के पानी के भी लाले पड़ रहे हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राथमिकता में शामिल विषय है। राज्यों में प्राकृतिक या मानव निर्मित किसी आपदा के व्यापक होने पर राज्य की सहायता के लिए एनडीआरएफ द्वारा किए गए कार्यों के सभी चक्षुदर्शी साक्षी है। इसी प्रकार राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन प्रयासों के समन्वय के लिए प्रत्येक राज्य में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) स्थापित है। जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) जिम्मेदार है।

गौरतलब है कि आपदा प्रबंधन के लिए वर्ष 2016 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (एनडीएमपी) निर्मित की गई थी जो आपदा प्रबंधन के लिए एक सुव्यवस्थित रूपरेखा प्रदान करती है। वर्तमान परिदृश्य में इस बात की महती आवश्यकता है कि विद्यालयी स्तर पर आपदा प्रबंधन को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। बच्चों और युवाओं को आपदा प्रबंधन के बारे में शिक्षित करने से उन्हें संभावित जोखिमों को समझने में मदद मिलेगी जिससे उन्हें आपात स्थिति के लिए तैयार किया जा सकता है। आपदा प्रबंधन के शिक्षण से उन्हें प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और संकट प्रबंधन जैसे आवश्यक जीवन कौशल सीखने में मदद मिलेगी। आपदा प्रबंधन को विद्यालयी पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने से सामुदायिक जागरूकता बढ़ेगी और आपदा प्रबंधन की व्यापक तैयारियों का समय और अवसर दोनों मिलने की पर्याप्त गुंजाइश रहेगी। आपदाओं और उनके प्रभाव के बारे में सीखकर, बच्चे शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण कर आपदा से मुकाबला करने की रणनीति विकसित कर सकते हैं। आपदा प्रबंधन की शिक्षा बच्चों को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने और सामुदायिक आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों में योगदान करने के लिए सशक्त बना सकती है। आपदा प्रबंधन समग्र शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विज्ञान, भूगोल और सामाजिक अध्ययन जैसे विभिन्न विषयों से जुड़ता है। छात्रगण सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक परिदृश्यों में लागू कर सकते हैं, जिससे उनके सीखने का कौशल अधिक आकर्षक और प्रभावी हो सकता है। इसका दीर्घकालिक प्रभाव यह होगा कि बच्चों में आपदा प्रबंधन का ज्ञान पैदा करके, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित पीढ़ी का निर्माण करते हैं। इसके अतिरिक्त आपदा प्रबंधन को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी जिससे शिक्षकों की आपात स्थिति से निपटने की क्षमता में वृद्धि होगी। आपदा प्रबंधन को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करके, हम तैयारी, प्रतिरोध क्षमता और सामुदायिक जागरूकता की संस्कृति विकसित कर सकते हैं, जिससे अंततः मानव जीवन बचाया जा सकता है और आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। कई देशों में आपदा प्रबंधन को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। उदाहरण के तौर पर जापानी स्कूलों में भूकंप और सुनामी की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपदा शिक्षा अनिवार्य है। फिलीपींस में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत किया गया है, जिसमें आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा तैयारी जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

अमेरिका में कुछ स्कूलों में आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। आपदा प्रबंधन को ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, जिसमें प्राकृतिक खतरों से सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं। इसी प्रकार आपदा शिक्षा न्यूजीलैंड में पाठ्यक्रम का हिस्सा है, जो आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया पर केंद्रित है। यहां तक कि पड़ोसी देश श्रीलंका के स्कूलों में आपदा प्रबंधन पढ़ाया जाता है। इंडोनेशिया के स्कूलों में आपदा शिक्षा अनिवार्य है, जो भूकंप, सुनामी और ज्वालामुखी विस्फोट की तैयारियों पर केंद्रित है। इसी क्रम में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन को बांग्लादेशी स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत किया गया है, जिसमें चक्रवात और बाढ़ की तैयारी जैसे विषय शामिल हैं। हालांकि हमारे देश में एनडीएमए ने स्कूलों में आपदा शिक्षा के लिए दिशा-निर्देश विकसित किए हैं, जिसमें भूकंप सुरक्षा और बाढ़ की तैयारी जैसे विषयों को शामिल किया गया है, किंतु इसे स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्यतः सम्मिलित किए जाने के लिए वास्तविक कदम उठाया जाना अपेक्षित है।

## एक नजर

### जनता दरबार लगा कर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**बरहरवा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति आज कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी। नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू के समक्ष रखा,जिसे रंजीत टुडू ने बारी–बारी से सुना। उसके बाद संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर निदान करवाया। आज विधायक कक्ष मे ग्रामीण अंबेडकर आवास, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर पहुंचे, वहीं प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने पदाधिकारी से वातार्लाप कर उक्त लाभुकों की शिकायत को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। अंचल से संबंधित जमीन ऑन लाइन, की समस्या को लेकर आए लोगों की समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करवाने का आश्वासन दिया। विकलांग एवं वृद्धा पेंशन, एवं राशन कार्ड से संबंधित समस्या को लेकर लोग उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट करवाया तथा बाकी जनता दरबार में प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं के प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का आग्रह किया। मौके पर मेरी मरांडी, अनंत लाल भगत, नेहाल अख्तर, अनारुल खान, दाऊद शेख, रबीउल इस्लाम, तकरेज आलम, अलमगीर मंसूरी, जमरूल इस्लाम , छोटेलाल रामानी एवं दर्जनों ग्रामीण तथा नगर पंचायत के लोग मौजूद थे।

### पांच सूत्री मांगों के समर्थन में धरना पर बैठा मुखिया संघ

**जमशेदपुर :** डुमरिया प्रखंड के मुखियाओं ने मंगलवार को बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू को ज्ञापन सौंपकर धरना पर जाने की सूचना दी। मुखिया संघ के अध्यक्ष तपन कुमार मुर्मू ने बताया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आदेशानुसार प्रखंड के सभी मुखिया धरना पर रहेंगे। मुखिया संघ ने पंचायत के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि जल्द जारी करने, कार्यकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु, दुर्घटना होने पर पंचायत प्रतिनिधियों को तीस लाख मुआवजा देने, मुखियाओं को तीस हजार मंथली मानदेय देने, सरकारी योजनाओं में मुखिया व उनके परिजनों को शामिल करने और बिना पूर्ण जांच के वित्तीय अधिकार जब्त नहीं करने की मांग राज्य सरकार से की है। बीडीओ को ज्ञापन देने मुखिया तपन कुमार मुर्मू, सुरेश हेंब्रम, मालती मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि उदय मुर्मू, विराम सोरेन और भागात बास्के आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने चालियामा में निकाली जनजागरण पदयात्रा

# हेमंत सरकार ने युवा, किसान, महिला हर वर्ग को ठगा : हरेलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**नीमडीह :** आजसू पार्टी की ओर से मंगलवार को नीमडीह प्रखंड के चालियामा में जनजागरण पदयात्रा निकाली गई। केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा में नीमडीह प्रखंड के चालियामा, टेंगाडीह, सामानपुर व लुपुंगडीह पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के तहत कार्यकताओं ने चालियामा गांव का भ्रमण किया। इस दौरान हेमंत सरकार हाय हाय, हेमंत सरकार वादा निभाओ इत्यादि नारे लगाए गए। पदयात्रा संपन्न होने के बाद आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि झारखंड के इतिहास में ऐसा निकम्मा सरकार राज्य की जनता ने नहीं देखा था। जनता से झूठा वादा करके बहुमत हासिल किया है लेकिन सरकार ने उन वादों को पूरा नहीं किया। हरेलाल महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवा, महिला, किसान, मजदूर हर वर्ग को ठगा है। हर साल पांच लाख सरकारी नौकरी, महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये चुल्हा खर्च, किसानों को ऋण माफ, विस्थापन आयोग, महिला विश्वविद्यालय, अस्पताल और भी अनेकों वादों के साथ हेमंत सरकार आई है, अब उन वादों को पूरा करने के बजाय जनता को बरगलाने का काम कर रही हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर सिंह सरदार, कांचन सिंह, राजकिशोर महतो, आस्तिक दास, रवि महतो, सुलोचना प्रमाणिक, बुलेट नाग, मिंटू रजक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैरासोल विधालय की रिपेयरिंग में अनियमितता की शिकायत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैरासोल में सरकारी योजना के अंतर्गत रिपेयरिंग का कार्य ठेकेदार द्वारा करानी है जो कि ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से घटिया सामग्री लगा कर काम को अंजाम दिया जा रहा है। बालू के जगह में कम्पनी का सादा बालू एवं डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। रूम में जो टाईल्स लगाया गया है उसके फर्स को बिना खरोंचे हुए लगा दिया गया जिसके कारण वह ज्यादा समय तक नहीं टिक पायागा। दीवार में जहां-जहां करेक है वहां जैसे-तैसे लिपापोती कर दिया गया है। सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर विकास कार्य किया जा रहा है। वहां ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से कार्य को पूरा कर सरकार की लाखों रुपए का दुरूपयोग किया जा रहा है,विभाग के तरफ से इस योजना को अपने स्तर से जांच करें।

## कांग्रेसियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत महाराजपुर गांव में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें जिला अध्यक्ष बरकत खान ने अपने संबोधन में स्थानीय विधायक सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा की एवं गठबंधन सरकार की उपलब्धियां भी बताई। गठबंधन सरकार के द्वारा महिलाओं को दिए गए सम्मान के बारे में भी चर्चा किये। 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन का लाभ मैया सामान्य योजना 21 से 49 वर्ष की प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह मैंया सम्मान योजना के तहत 1000 के सम्मान की रकम उसके खाते में आना शुरू हो गया है साथ ही 200 यूनिट बिजली फ्री, 2 लाख किसानों का ऋण माफ,अबुवा आवास योजना का लाभ गठबंधन सरकार के द्वारा पूरे झारखंड में दिया जा रहा है। बरकत खान ने कहा कि झारखंड मे महागठबंधन की सरकार में कई दुरगामी फैसले लिए गए जो मील का पत्थर साबित हो रहा है और कई राज्यों में उदाहरण के तौर पर इसे पेश किया जा रहा है। सैफ आलम ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को बताया की कांग्रेस के प्रति लोगों के बीच अलग उत्साह एवं विश्वास है कल्याणकारी योजनाओं से सरकार के प्रति उपजे विश्वास को हमें बनाए रखना है। विपक्षी दल जन सरोकार के मुद्दों से जनता का ध्यान हटाकर उन्हें भटकाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन सशक्त संगठन के माध्यम से हमें जनता के बीच जाकर उन्हें सच्चाई से अवगत कराना है। विपक्ष के द्वारा जनता के बीच सरकार की नकारात्मक छवि पेश करने की कोशिश की जा रही है। महागठबंधन सरकार की योजनाओं को अपने झूठे प्रचार तंत्र के माध्यम से केंद्र पोषित बताया जा रहा है इसे लोगों को बचाना है।

## क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का होगा समाधान : रंजीत टुडू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति आज कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू के समक्ष रखा,जिसे रंजीत टुडू ने बारी-बारी से सुना। उसके बाद संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर निदान करवाया। आज विधायक कक्ष मे ग्रामीण अंबेडकर आवास ,अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर पहुंचे, वहीं प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने पदाधिकारी से वातार्लाप कर उक्त लाभुकों की शिकायत को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। अंचल से संबंधित जमीन ऑन लाइन, की समस्या लेकर आए लोगों की समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करवाने का आश्वासन दिया। विकलांग एवं वृद्धा पेंशन, एवं राशन कार्ड से संबंधित समस्या को लेकर लोग उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट करवाया तथा बाकी जनता दरबार में प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं के प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों केपदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का आग्रह कियामौके पर मेरी मरांडी, अनंत लाल भगत, नेहाल अख्तर, अनारुल खान, दाऊद शेख, रबीउल इस्लाम, तकरेज आलम, अलमगीर मंसूरी, जमरूल इस्लाम ,छोटेलाल रामानी एवं दर्जनों ग्रामीण तथा नगर पंचायत के लोग मौजूद थे।

## पांच जाली नोटों के साथ पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उधवा राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज से रात को समय करीब 20:45 बजे सूचना मिली की उत्तरी बेगमगंज स्थित बेल मोड़ के पास से एक विदेशी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति के पास से पाँच सौ रुपए के 3 जाली नोट एक ही नंबर का पकड़ाया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना देते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना के पु०अ०नि० जयबहादुर सिंह एवं सशस्त्र बल के साथ थाना से प्रस्थान किया। कल शाम में 21:15 बजे मे अपने सहयोगी पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ बेलमोड़ स्थित विदेशी शराब दुकान जो बेगमगंज, राधानगर के नाम से संचालीत है के पास पहुँचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए इस काण्ड के अभियुक्त रिन्दु शेख पिता बब्लू शेख के पास से पाँच सौ रुपए का तीन जाली नोट एवं एक एन्ड्रॉयड मोबाईल फोन विधिवत जप्ति सूची बनाकर जप्त किया। उच्चधिकारी के आदेशानुसार छापामारी दल के सहयोग से अभियुक्त के घर पर छापामारी में दो पाँच सौ का जाली नोट बरामद किया।अभियुक्त रिन्दु शेख को पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय, पु०अ०नि० जयबहादुर सिंह साथ में अन्य पुलिस बल उपस्थित थे।

## चोरी के आरोप में एक युवक को बंधक बनाकर पीटा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंडरो मिजाचौकी थाना क्षेत्र के तेतरिया पंचायत अंतर्गत बांसकोडीह गांव में बिहार भागलपुर जिला के नाथनगर का रहने वाला राज कुमार राय नामक एक युवक मंगलवार को गांव में घूम घूम कर कपड़ा बेचने पहुंचा था। कपड़ा बेचकर गांव से वापस मिजाचौकी की ओर ऑटो से लौट रहा था उसी के दौरान बांसकोडीह गांव का कुछ ग्रामीणों ने युवक को भगैया बाजार के पास पकड़ लिया और आरोप लगाने लगा कि कपड़ा बेचने के दौरान किसी व्यक्ति का गांव से मोबाइल चुराकर भाग रहा है। उसी आरोप में ग्रामीणों ने पड़कर जमकर धुनाई किया। वही देखने के लिए सैकड़ो ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा हो गया। हालांकि बांसकोडीह गांव के ग्रामीणों ने कपड़ा बेचने वाले युवक को भगैया बाजार से अपने साथ पड़कर गांव ले गया जिसकी सूचना मिजाचौकी पुलिस को हुई सूचना के आधार पर पुलिस गांव पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं पुलिस के पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा युवक को एक पेड़ के खंभे में बंधक बनाकर ग्रामीण स्तर पर पंचायती का तैयारी किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप कर जिस युवक का मोबाइल चोरी हुआ था उससे थाना में लिखित आवेदन देने को कहा परंतु पीड़ित के द्वारा लिखित आवेदन देने को तैयार नहीं हुआ।

## नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जन्मोत्सव में गूंजे जयकारे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड के बरहेट बाजार यज्ञ मंदिर रोड स्थित हरे कृष्ण मंदिर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर सज धज कर तैयार था। भजनों की गूंज से सुबह से आधी रात तक मंदिरों में गूंजता रहा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महोत्सव पर मंदिरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को मंदिरों में भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय बन गया। इस दौरान श्री कृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की.. नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, के साथ श्रद्धालु श्री कृष्ण के भक्ति में विलीन हो गए। देर रात तक मंदिरों में भजन कीर्तन के तत्पश्चात रात को कृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद पूजा अर्चना कर लोगों ने व्रत पूरा कर इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। वही भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर लोगों ने व्रत रखकर छोटे-बड़े मंदिरों को मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया। वही घर की माताओ ने अपने-अपने बच्चों को सुबह से शाम तक गोपाल के रूप में सजाती रही। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा चलो वृंदावन धाम, वृज के छोरी आदि भजनों का नृत्य किया। वहीं पूरे संस्कृति कार्यक्रम में एक झांकी में उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाते भगवान कृष्ण आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर पुजारी कुंदन गुप्ता, महोन दास, अनिल भगत, गोपाल भगत, गोपीनाथ भगत, जयकांत दास, शंकु शील, अंकित भगत, संतोष भगत, ऋषभ भगत, आदित्य भगत, पप्पू पंडित, बप्पी, कन्हाई ढोली, अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पशुपालन विभाग ने लाभुको के बीच किया बकरा-बकरी का वितरण



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री बकरा विकास योजना के तहत 17 लाभुको के बीच चार बकरी और एक बकरा का वितरण बीडीओ पियुषा सलीना डोना मिंज,पटमदा प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अंबुज कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो की उपस्थिति में वितरण किया गया।इस दौरान सत्र 22–23 के 13 लाभुक और सत्र 23–24 के 4 लाभुको के बीच योजना के तहत बकरा बकरी दिया गया।

### जन्माष्टमी के मौके पर मटका फोड़ने के दौरान एक युवक हुआ गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला निवासी कृष्ण कुमार दास उम्र 22 वर्ष पिता मनकर दास श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मटका फोड़ने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों की मदद से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने फौरन इलाज किया। उधर घटना को लेकर गंभीर रूप से घायल युवक के परिजनों ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित मटका फोड़ कार्यक्रम में वो मटका फोड़ने के लिए ऊपर चढ़ा था जहां पैर फिसलने के कारण नीचे जमीन पर गिर गया व गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने गंभीर रूप से घायल युवक का फौरन इलाज करते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है जहां परिजन युवक को बेहतर इलाज के लिए बाहर चले गए हैं।

### साइकिल सवार को बाइक चालक ने मारी टक्कर, हुआ घायल



**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के लहरदगी के रहने वाले साइकिल सवार व्यक्ति संतोष टुडू उम्र 45 वर्ष पिता नाइकी टुडू को अज्ञात बाईक सवार ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु बरहरवा ले जाया गया जहां उसे प्राथमिक उपचार करते हुए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर परिजन आनन फानन में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने फौरन इलाज करते हुए उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही घटना को लेकर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के जीजा रामा टुडु ने बताया कि उनका साला संतोष टुडु बरहरवा केलाबाड़ी आ रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसे जोरदार धक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। फिलहाल परिजन गंभीर रूप से घायल साइकिल सवार व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर लेकर चले गए हैं। वही सड़क दुर्घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

### झारखंड पंचायत सचिव संघ ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना



**जमशेदपूर :** झारखंड पंचायत सचिव संघ के बैनर तले जिले के सभी प्रखंड के पंचायत सचिवों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की। इसकी शुरूआत उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर हुई। संघ के नेता ने बताया कि दो सूत्री मांगों को लेकर सरकार को पूर्व में अवगत कराया गया था। जिसमें पंचायत सचिव का मूल ग्रेड–पे 2400 रुपये करने व प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर वरीयता के आधार पर प्रोन्नति देना शामिल हैं। 14 वर्षों से उक्त मांग की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। संघ का कहना है कि पंचायत सचिव पंचायत की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय रहते हैं। इसके अलावे उनसे कई तरह के कार्य लिए जाते हैं। लेकिन सरकार मांग नहीं मान रही है। इसको लेकर 21 अगस्त को राजभवन के सामने भी धरना दिया गया था। संघ का कहना है कि सरकार उनकी मांगे जब तक पूरा नहीं करेगी तब तक उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

### यूसिल ने सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच बांटे 100 छाते

**जमशेदपुर :** यूसिल की तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन ने कंपनी के आसपास के दो सरकारी स्कूल ताल्सा व तुरामडीह गांव के दो प्राथमिक विद्यालय के 100 बच्चों के बीच छाता का वितरण किया। यूसिल सीएसआर के नोडल अधिकारी एमके सिंघई जीएम ने कहा कि बच्चों को छाता मिलने से बरसात व गर्मी से राहत मिलेगी। यह शुरूआत का पहला दिन है। आने वाले दिनों में कंपनी के आसपास के गांव बान्दुहुराग, महुलडीह व तुरामडीह के आसपास के 15 स्कूलों के बीच 1310 छाते कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बांटे जाने की योजना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश कुमार गुप्ता, प्रबंधक, जीतेश कुमार सीएसआर समन्वयक के साथ–साथ कई स्कूलों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित थे।

# पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए 17 लाख 12 हजार 20 मतदाता, जेंडर रेशियो बढ़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। 17 लाख 12 हजार 20 वोटर हैं। इस वर्ष जेंडर रेसियो बढ़ा है। महिला वोटरों की संख्या 8 लाख 83 हजार 10 है, वहीं पुरूष वोटरों की संख्या 8 लाख 29 हजार 8 है। लोकसभा चुनाव के समय कुल वोटरों की संख्या 17 लाख 15 हजार 83 थी। थर्ड जेंडर वोटर दो हैं। फाइनल इलेक्ट्रोल रोल के अनुसार 939 है। इससे पहले 933 था। इलेक्शन, पॉपुलेशन रेसियो 652 है। पूर्व में 653 था। मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने नाम मतदाता सूची में जांचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सुरक्षाकर्मियों की संख्या अधिक रहने के कारण बूथ शिर्फ्टिंग की कार्रवाई नहीं के बराबर होती है। लोस चुनाव में शिफ्ट किए गए 9 में से दो बूथों पर वोटिंग नहीं हुई थी। डीइओ ने बताया कि पीडब्लूडीएस वोटरों की संख्या 36 हजार 442 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 20 हजार 78 एवं महिलाओं की संख्या 16 हजार 364 है। 25 जुलाई से 27 अगस्त के बीच निबंधन, विलोपन एवं सुधार से संबंधित कई प्रतिवेदन आए, जिसमें नवनिबंधित मतदाताओं की संख्या 15 हजार 238 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 11 हजार 531 है, जबकि पुरूषों की संख्या 3 हजार 707 है। निबंधित 18-19 आयु वर्ग के मतदाओं की संख्या 2 हजार 612 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 1 हजार 680 एवं पुरूषों की संख्या 932 है। विलोपित मतदाताओं की संख्या 6 हजार 412 है। विलोपन का कारण मौत, स्थायी तौर पर दूसरी जगह चले जाना, रिपिटेडेट एवं अन्य कारण हैं। 991 की मौत हुई है, 3 हजार 741 दूसरी जगह चले गए हैं। 810 का नाम रिपिट हुआ है और 870 अन्य कारणों से मतदाता सूची से नाम विलोपित किया गया है। प्रपत्र 8 के तहत 16 हजार 174 का सुधार हुआ है।

**20 बीएलओ को पहनाया गया पहचान पत्र**

डीइओ ने बताया कि सभी बीएलओ को सम्मान देने के उद्देश्य से सैलूट टू बीएलओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग रांची के स्तर से बीएलओ पहचान पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। आज 20 बीएलओ को पहचान पत्र पहनाया गया। सारे बीएलओ कार्यों का संपादन के दौरान पहने रहेंगे। बीएलओ उत्साहवर्द्धन के लिए विभाग के स्तर से अन्य निर्णय लिए जा रहे हैं।

**झारखंड इलेक्शन क्विज प्रारंभ, प्रथम पुरस्कार 50 हजार**

मतदाता जागरूकता हेतू स्वीप के तहत 16 अगस्त से झारखंड इलेक्शन क्विज 2024 प्रारंभ किया गया है। ऑनलाइन क्विज 29 सितंबर को होगी। ऑफलाइन क्विज (चयनित उम्मीदवार) के लिए 5 अक्टूबर को रांची में होगी। फर्स्ट प्राइज 50 हजार रूपए निर्धारित किया गया है, जबकि सेकंड प्राइज 30 हजार एवं थर्ड प्राइज 20 हजार रूपए दिए जायेंगे।

## एक नजर

### झारखण्ड में अब एनडीए की सरकार बनेगी : सतीश

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड राज्य ने पाच बर्ष तक झुठा लुटेरा भ्रष्टाचारियों की सरकार को जनता ने झेला है। झारखंड को कलंकित करने वाला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रास्ट्रीय स्तर पर झारखण्डी जनता का सर निचे करवाया। अब समय आ गया है इन्डिया गठबन्धन के तमाम तिकड़म को ध्वस्त कर एनडीए की पुर्ण बहुमत की सरकार बनाकर राज्य के बिकास के चक्र को तेजी से बढाने का। सतीश कुमार केन्द्रीय सचिव आजसू पार्टी ने कहा कि हमारे सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो अकेला नेता हैं जो कहते हैं वो करते हैं। आजसू पार्टी गांव से सरकार चलाना चाहती। राज्य में युवा नेत्रित्व लाना चाहती है। महिलाओं का सम्मान व सशक्तिकरण हमारी पार्टी ही देती है। हेमन्त सोरेन सरकार ने वादा खिलाफी का संवेदक बन अपने कार्यकाल में झारखंडी समाज के हर तबका को बुट तले रौंदा है। पलामू हजारीबाग चाईबासा को झारखंड के उप राजधानी बनाने की घोषणा थोथी दलील निकली। खास महाल फ्री होल्ड करेंगे इस बिषय पर सदन में चर्चा तक नहीं किया। झारखंड आंदोलनकारियों को मान सम्मान और पहचान व पेन्शन देना तो दुर की बात कैबिनेट में चर्चा के लिये भी नही आया। अपने को आन्दोलनकारी का बेटा कहलाने मे तनिक भी शर्म महसुस नहीं करता। सुदेश महतो ने कहा कि हमारी पार्टी झारखण्ड आन्दोलन की उपज है हम सत्ता में आयेंगे तो निश्चित ही आन्दोलनकारियो के मान सम्मान का ख्याल रखेंगे। इन्डिया गठबन्धन के जन उपयोगी योजना को हमारी एनडीए की सरकार पुरी करेगी। झारखंड के युवाओं का रोजगार का सवाल हो, आरक्षण का सवाल हो, स्थानीय व नियोजन नीति का सवाल हो या आदिवासी समुदाय का सरना धर्म कोड ये तमाम वादा आजसू पार्टी पुरा करेगी।

### पंचमुखी मंदिर के प्रांगण में मनाया गया जन्माष्टमी

**पलामू :** पंचमुखी मंदिर बिश्रामपुर के प्रांगण में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद भी निमंत्रण को स्वीकार करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को पालना भी झूलाया । यह दृश्य बड़ा ही मनमोहक प्रतीत हो रहा था ऐसा लग रहा था मानो हम सभी गोकुल एवं वृंदावन की धरती के दर्शन कर रहे थे कृष्ण का बाल रूप बड़ा ही निराला था जो मन को मोहित कर रहा था हम सबो की दृष्टि मंच पर ही एकाग्र थी। ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि भगवान के प्रेम में लीन रहकर हम सभी को क्रोध, वासना, अहंकार, लोभ और मोह को अपने अंदर से मिटाने का शपथ ली जानी चाहिए । उन्होंने सकारात्मक ऊर्जा के लिए कार्य करने की बात कही यदि सभी लोग इस जन्माष्टमी पर भगवान को याद करके अपने दोषों और नकारात्मक लक्षणों से छुटकारा पाने का संकल्प ले तो श्री कृष्णा जल्द ही फिर से जन्म लेंगे।

### पलामू सांसद ने दिलायी 9 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति



**मेदिनीनगर (पलामू) :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमश: दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि के तहत 2 सड़कों एवं पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत 7 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति हुयी है।

## विधायक ने मैदान के सुंदरीकरण और सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड की कूड़ापूर्ति पंचायत के पीड़ीहात ग्राम में विधायक मद से होने वाले खेल मैदान सौंदर्यीकरण कार्य और में हितडीह में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कूड़ापूर्ति पंचायत के जीवरी ग्राम में खेल मैदान सौंदर्यकरण कार्य का भी शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े एवं फूल माला देकर परंपरागत तरीके से विधायक का स्वागत किया। मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि आप सभी ने अपना सहयोग और आशीर्वाद देकर मुझे पांच बार विधायक बनाया। इस दौरान मैंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

उन्होंने कहा कि आगे भी विकास की यात्रा चलती रहेगी। सभा को दशाय मुंडा, बंगाली मुंडा, पाांडू सवांसी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

## खेती और व्यवसाय में नई तकनीक का प्रयोग जरूरी : शमीम अख्तर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** स्वयंसेवी संस्था लीड्स द्वारा डब्ल्यू एचएच के सहयोग से चलाई जा रही प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत मंगलवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथि मनरेगा लोकपाल शमीम अख्तर, आरसेटी के सुशील कुमार, कल्याण गुरुकुल के चंदन कुमार, जेएसएस की प्रभा कुमारी, जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता, मुरहू प्रखंड की प्रमुख एलिस ओडेया, मुखिया ज्योति डोडराय, एलडीसी की मधु सिंह और वार्ड सदस्य जीरामणि मुंडू ने संयुक्त रूप से किया। लीड्स के परियोजना समन्वयक अनुराग कुजूर ने मंच संचालन करते हुए अतिथियों का परिचय कराया और पौधा देकर उनका स्वागत किया। प्रवासी मजदूर परियोजना के बारे मे बताते हुए समन्वयक ने कहा कि यह परियोजना झारखंड के तीन जिलो खूंटी, रामगढ़ और सिमडेगा में चल रही है। इसके तहत बेरोजगार युवाओं को विभिन्न विषयों की टेक्निकल ट्रेनिंग, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन, पलंबिंग, पशु पालन, जैविक खेती आदि काा पशिक्षणा दिया जाता है और पूंजी की व्यवस्था के लिए सरकारी योजना से जोड़ा जाता है। ग्राम स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा मिले, इसके लिए बैंक से लिंकेज कराकर लोन उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर परियोजना के तहत अब तक किए गए कार्यों का साझा किया गया। लीड्स संस्था के प्रवासी मजदूर परियोजना के निर्देशक रंजीत भेंगरा ने लीड्स संस्था की स्थापना से लेकर कार्यक्षेत्र और चल रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलें के मनरेगा लोकपाल शमीम अख्तर ने कहा कि आधुनिक युग में लोग पुरानी परंपराओं से दूर भाग रहे हैं। मनरेगा के तहत विभिन्न तरह की योजना चलाकर सरकार रोजगार से जोडने का काम कर रही है। फिर भी लोग पलायन करते हैं। अभी खेती भी करते हैं तो बहुत ही कम। इससे न खाने का होता है ना ही बिक्री का। आधुनिकता के दौर में किसानों ने जैविक खेती को बिलकुल ही छोड़ दिया है। लीड्स संस्था इन सभी मुद्दों पर काम कर रही है इसका लाभ लोगों को उठाना चाहिए।

## अपने ही स्कूल के शिक्षक पर लगा चोरी का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के ऐनवा मैनवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आदित्य साहू पर विद्यालय में 15 वें वित्त की राशि से लगे सोलर जलमीनार सेट से सोलर प्लेट एवं समरसेबल पंप सहित अन्य उपकरण के चोरी करने का आरोप लगा है, इस संबंध में मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित कई ग्रामीणों ने लिखित आवेदन तैयार कर थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि मुखिया पति व ग्रामीणों ने खुद विद्यालय के शिक्षक को जलमीनार सेट की चोरी करते हुए पकड़ा है, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर शिक्षक के द्वारा सोलर सेट चोरी कर घर ले जा रहा थे जिसकी भनक ग्रमीणों लगी जिसके बाद पंचायत के पुर्व मुखिया सह मुखिया पति सूरत उरांव व ग्रमीणों ने शिक्षक के घर से सोलर सेट व मोटर बरामद किया। हालांकि इस घटना के बाद सोमवार की सुबह विद्यालय के शिक्षक के द्वारा सोलर प्लेट एवं समरसेबल पंप को विद्यालय में लाकर पुणः सेट भी करवाया जा रहा था। उक्त जानकारी के तत्काल बाद पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुँची जहाँ प्राप्त आवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पूर्व मुखिया सह मुखिया पति सूरत उरांव ने बताया कि विद्यालय में पेयजल हेतु सोलर जलमिनर लगाया गया है जिसका रखरखाव भी मुखिया के द्वारा ही करना है बावजूद शिक्षक के द्वारा बगैर किसी को जानकारी दिए समरसेबल सेट पंप एवं सोलर प्लेट को रात के अंधेरे में चोरी कर घर ले जाना गंभीर मामला है। इस मामले में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आदित्य साहू ने बताया कि सोलर पंप सेट के खराब होने के कारण उसे घर ले जाया गया था। आपको बता दें कि पांकी प्रखंड क्षेत्र के कई सरकारी विद्यालयों में लगे सोलर जलमिनर सेट से सोलर प्लेट सहित अन्य उपकरण की चोरी हुई है ऐसे में इस तरह की घटना सामने आने से पूर्व की घटना के लेकर तरह-तरह के कयास लगाया जा रहे हैं।

## भव्यता के साथ मनाया जाएगा श्री गणिनाथ पूजा जयंती समारोह : मनोहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** रविवार को स्थानीय रिलैक्स इन होटल में अखिल भारतीय मध्यादेशीय वैश्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला के अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने की एवं संचालन पलामू जिला कमेटी के महामंत्री मनोहर कुमार लाली ने किया। बैठक में 14 सितंबर को होने वाली श्री श्री गणिनाथ गोविंद जी महाराज की 40 में जयंती समारोह को लेकर सभी कार्यक्रमों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए प्रभारी की नियुक्ति एवं पूजा संबंधित विस्तृत रूप रेखा पूजा कमेटी के अध्यक्ष विशाल कुमार गुप्ता महामंत्री मनोज प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने रखी। पूजा में होने वाले सभी कार्यक्रमों जैसे पूजा प्रसाद वितरण शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण भोजन व्यवस्था पेयजल व्यवस्था मीडिया खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित बाहर से आए हुए अतिथियों के स्वागत हेतु प्रभारी नियुक्त किए गए। उक्त बैठक में शशिकांत गुप्ता अजय गुप्ता महेंद्र गुप्ता अमर कुमार राहुल रंजन विकास कुमार अनूप कुमार अमर कुमार गुप्ता राज किशोर प्रसाद सूरज कुमार विनय बिनु रंजन कुमार मुन्ना गुप्ता पिंटू गुप्ता शिवकेश्वर गुप्ता बबलू गुप्ता राजकुमार गुप्ता सुनील गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता अनिल गुप्ता भगवती राजा एन ललन गुप्ता विजय गुप्ता अशोक गुप्ता राजेश गुप्ता अमित गुप्ता विमल गुप्ता मूंज गुप्ता मोहनलाल एवं अन्य बहुत सारे स्वजातीय उपस्थित थे।

## मुहर्रम के चालीसवां पर निकला जुलूस, या अली-या हुसैन के नारों से गूंजा डालटनगंज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** मुहर्रम के चालीसवां को लेकर डालटनगंज शहर में मंगलवार को जुलूस निकाला गया। जुलूस पहाड़ी मुहल्ला के कर्बला के मैदान से निकला। नेतृत्व मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के जेनरल खलीफा जीशान खान कर रहे थे। उनके साथ अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल, पूर्व जेनरल खलीफा इसराईल आजाद उर्फ मिन्टू आदि थे। गोल के दौरान लाठी खेली गयी। सम्मान समारोह भी हुआ, जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। बेहतर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। गोल निकालने वाली कमिटियों कर्बला हुसैन, ब्रदर्श क्लब कनी राम, नौजवान हुसैन कमिटी सब्जी मार्केट समेत अन्य को भी शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के साथ केन्द्रीय रामनवमी समिति महावीर नवयुवक दल जेनरल के पदाधिकारी भी शामिल हुए। पहाड़ी मुहल्ला के कर्बला के मैदान से जुलूस की शुरूआत हुई, जो शाह मुहल्ला, ट्रेनिंग स्कूल होते कन्नी राम चौक पहुंचा। वहीं मुस्लिमनगर का गोल लाल कोठा होते हुए कन्नी राम चौक पर मिला। उसके बाद सभी आखाड़ा व प्रोशेसन सत्तार सेठ चौक तक गया। वहां पर कुंड मुहल्ला का गोल को शामिल करके विष्णु मंदिर, दाल पट्टी, बतासा दुकान, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर होते हुए पंच मुहान पहुंचा। वहां पर नावाटोली और धोबी मुहल्ले के गोल शामिल हुए, जिसके बाद गोल छह मुहान पहुंचा। छह मुहान से गोल जिला स्कूल चौक, महिन्द्रा आर्केड, सेवा सदन, शिवाला रोड़ होते हुए भीखम दास मंदिर रोड़, पटाखा मोड़, घास पट्टी, कन्नी राम चौक होते हुए कर्बला के मैदान पहुंच कर जुलूस संपन्न हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### खेल जीवन को विस्तार देता है और विभिन्न आयामों को खोलता है : प्रो जे किड़ो



**खूंटी :** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मंगलवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी में खेल दिवस मनाया गया और अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जे किड़ो ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके खेल में जादू था। सही मायने में वे हॉकी कें जादूगर ही थे। एक बार उनके पास गंद आ जाए, तो लगता था कि उनकी हॉकी स्टीक में जादू है। प्राचार्या ने कहा कि खेल जीवन को न केवल विस्तार देता है, बल्कि विभिन्न आयामों को भी खोलता है। उन्होंने सभी को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बिरसा कॉलेज के खेंल प्रभारी राज कुमार गुप्ता ने बताया कि मैदान में 26 से 31 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी, शतरंज, क्रिकेट, हॉकी, बोरी रेस, कैरम बोर्ड जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता कें पहले दिन कबड्डी का आयोंजन किया गया, जिसमें बिरसा कॉलेज की टीम बी( महिला वर्ग) तथा पुरुष वर्ग के भी टीम बी ने जीत हासिल की। इसके साथ ही वॉलीबॉल तथा हॉकी प्रतियोगिता की भी शुरूआत हुई। बुधावार को कॉलेज में फुटबॉल महिला और पुरुष दोनों वर्ग तथा क्रिकेट( महिला और पुरुष दोनों वर्ग) तथा बैडमिंटन और खो-खो जैसे खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्रो चंद्र किशोर भगत, प्रो जया भारती कुजूर, पूनम माई तिऊ, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ मंजूषा पूर्ति, डॉ अनंत राम, डॉ सी मिंज, वासुदेव हस्सा, डॉ शीला, डॉ नुपुर, काली मुंडू, डॉ शिल्पी, सुशीला कुजूर, डॉ रेशमा, ,इंदिरा होरो, सिजरेन सुरीन, घनश्याम मिश्रा सहित कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

### अनुराग तिवारी द्वारा परशुराम सेना को मंदिर निर्माण के लिए दिया गया दान

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मन मोहन तिवारी जी के निधन के पश्चात उनके बड़े पुत्र, श्री अनुराग तिवारी, ने अपने पिता की स्मृति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने परसुराम सेना को मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपये का दान दिया है। यह दान न केवल उनके पिता के धार्मिक विश्वासों और सिद्धांतों को सम्मानित करने के लिए है, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। श्री अनुराग तिवारी ने कहा, मेरे पिता के आदर्शों और उनकी धार्मिक आस्था ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। उनकी स्मृति में यह दान एक छोटा सा प्रयास है जिससे उनके मूल्यों और सिद्धांतों को जीवित रखा जा सके। मैं आशा करता हूं कि यह दान समाज के लिए एक सकारात्मक पहल साबित होगा। परसुराम सेना के पदाधिकारियों ने श्री अनुराग तिवारी के इस महान कार्य की सराहना की और मंदिर निर्माण कार्य में इस दान का उपयोग करने का आश्वासन दिया। यह दान मंदिर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा और इससे क्षेत्र के लोगों को धार्मिक आस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। तिवारी परिवार ने इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे भी अपने-अपने स्तर पर समाज के विकास और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए योगदान दें। मौके पर परसुराम सेना से कमलेश शुक्ला, मधुकर जी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, बबलू पांडे, पप्पू तिवारी, बाल्मीकि पांडे अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण शुक्ला महासचिव प्रकाश कुमार संरक्षक राहुल कुमार सचिव अजय कुमार यादव और संगठन के सभी सदस्य ने मिलकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार से मिलकर उनको ज्ञापन दिए उसके अपन में उल्लेख किया है कि झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा 11वीं से 13वीं मैंस का रिजल्ट नहीं जारी होने के कारण झारखंड के युवा की स्थिति निराशा जनक है आयोग के द्वारा 31 जुलाई को एक नोटिस जारी किया गया था कि अगस्त के द्वितीय सप्ताह में साक्षात्कार प्रारंभ होगी और अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित किया जाएगा ऐसा नहीं होने के कारण संगठन के लोग ने दो बार आयोग के अध्यक्ष महोदय से मुलाकात की उनका साफ कहना था कि रिजल्ट बनकर तैयार है परंतु हम रिजल्ट नहीं जारी कर सकते हैं इस स्थिति को देखते हुए हम लोग प्रतिपक्ष नेता से मिलकर उनको संज्ञान में दिए उन्होंने बोला कि हम सरकार से लड़ाई लड़ेंगे छात्र के हक अधिकार के लिए और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे छात्रों के मूल मांग इस प्रकार है 1 जल्द से जल्द झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद को नियुक्त किया जाए जो झारखंड के आदिवासी मूलवासी छात्र के हित में कार्य करें 2 जल्द से जल्द मैंस का साफ सुथरा रिजल्ट जारी किया जाए 3 साक्षात्कार में मिनिमम 40 नंबर और मैक्सिमम 80 नंबर किया जाए 4 आचार संहिता लागू होने से पहले 11वीं से 13वीं जेपीएससी का नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाए 5 फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट जल्द से जल्द जारी किया जाए और इसका नियुक्ति पत्र आचार संहिता लागू होने से पहले वितरण किया जाए 6 यूपीएससी के तर्ज पर सभी इंजीनियरिंग छात्रों को रेंजर और सहायक वन संरक्षण के विज्ञापन में मौका दिया जाए और साथ-साथ 5 वर्ष उम्र सीमा में छूट दिया जाए। इन सभी सभी स्थिति से प्रतिपक्ष नेता को संज्ञान में दिया गया है और हमें पूरा विश्वास है कि वह छाप के प्रति जरूर कोई ठोस कदम उठाएंगे इसके लिए संगठन के सभी लोग प्रतिपक्ष नेता के सदआभारी रहेंगे।

### सांस्कृतिक विरासत को बचाना एवं समाज को नई दिशा देना हमारा कर्तव्य : अजीत पाठक

**मेदिनीनगर (पलामू) :** 25 अगस्त को स्वयंसेवी संस्थान नई संस्कृति सोसायटी ने अपनी नौवीं वर्षगांठ मनाई। वर्षगांठ कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के सदर प्रखंड स्थित पोलपोल हाई स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया , साथ ही साथ झाबर पंचायत के पीढीया गांव में जाकर गरीब बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री वितरण एवं भोजन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों के बीच पौधा भी वितरित किया गया। वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्य एक साथ मलय डैम के सुंदर वातावरण के बीच केक काटकर एवं आपस में मिठाइयां खाकर संस्था की नौवीं वर्षगांठ मनाई। मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि हम सभी ने विगत नौ साल में समाज के भीतर नई चेतना का संचार करने का कार्य किया है एवं हम सभी इस बात के लिए संकल्पित हैं कि समाज से कुरीतियों को उखाड़ फेंका जाए। संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में बहुत सारे उतार चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन जिन्दादिली के साथ समाज के उत्थान के लिए लगे रहना ही जीवन के उद्देश्य को दशार्ता है।



# क्या आप तैयार हैं फर्स्ट इंप्रेशन के लिए?

आज के समय में सिर्फ कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर लेना ही काफी नहीं है। जॉब पाने के लिए प्रोफेशनल एटिकेट्स की समझ-बूझ होना भी बहुत जरूरी है। इसी से आपकी एक इमेज भी बनती है। जब आप इंटरव्यूअर के साथ बैठते हैं, तो फर्स्ट इंप्रेशन बनने में महज कुछ सेकंड का समय ही लगता है। इतने ही वक्त में आपके बारे में एक राय बन जाती है। भले ही इस दौरान आप एक भी शब्द न बोलें, लेकिन इंटरव्यूअर आपकी ड्रेसिंग, ग्रूमिंग, चेहरे के भाव और बॉडी लैंग्वेज को देखकर बहुत कुछ समझ जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि आप अच्छा इंप्रेशन बनाने को लेकर चौकस रहें।

## 'हाथ' देता है संदेश

एक-दूसरे से हाथ मिलाने के स्टाइल से भी आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को आंका जा सकता है। इसलिए हैंडशेक को कतई हल्के में न लें। किसी व्यक्ति से मुलाकात के दौरान चेहरे पर मुस्कान रखना और आंख मिलाकर बात करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है मजबूती और गर्मजोशी से हाथ मिलाना। इतना ही नहीं, हाथ मिलाते समय आप सामने वाले को उत्साही भी दिखें। यह हैंडशेक सही ढंग से होना चाहिए, यानी न तो सामने वाले का हाथ बहुत ज्यादा कसकर पकड़ना चाहिए और न ही इसे ढीला छोड़ना चाहिए। आम तौर पर हैंडशेक के दौरान हाथ को दो-तीन बार हिलाना सही माना जाता है।

## ड्रेसिंग-ग्रूमिंग पर ध्यान

प्रोफेशनल ड्रेसिंग और सोशल ड्रेसिंग मौके के हिसाब से उपयुक्त होना चाहिए। अगर आप पहली बार जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो आपको यह फर्क समझना होगा। इंटरव्यू के लिए जाने हेतु पुरुषों के लिए डार्क कलर का ट्राउजर और लाइट कलर की फॉर्मल शर्ट ही श्रेष्ठ होती है। हल्की-फुल्की धारीदार शर्ट भी पहन सकते हैं। ऐसे मौके पर पैटर्न या डिजाइन वाले कपड़े पहनने से बचें। महिलाएं स्ट्रेट-कट कुर्ता पहन सकती हैं। चाहें, तो साड़ी भी पहन सकती हैं। मगर ध्यान रहे, इसमें ज्यादा तड़क-भड़क न हो। अगर वेस्टर्न ड्रेस पहनना चाहें, तो स्ट्रेट-कट, वेल फिटिंग ट्राउजर पहन सकती हैं। ऐसे मौकों पर एक्सेसरी व मेकअप के मामले में जितना सिंपल रहें, उतना बेहतर होता है।

## रेज्यूमे में कॉपी-पेस्ट नहीं!

रेज्यूमे आपकी प्रोफेशनल लाइफ का आईना होता है। इसलिए इसको लेकर हमेशा गंभीरता बरतें। कई युवा अपना रेज्यूमे बनाते समय किसी दोस्त के रेज्यूमे को लगभग जस-का-तस कॉपी-पेस्ट कर देते हैं। यह बिल्कुल गलत है। कारण यह कि हर व्यक्ति की शख्सियत और खासियत अलग होती है और इसी प्रकार हर जॉब के लिए अलग तरह के रेज्यूमे की जरूरत होती है। अगर कोई हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम कर रहा है, तो उसके रेज्यूमे को कॉपी-पेस्ट करके आप आईटी सेक्टर में जॉब के लिए आवेदन नहीं कर सकते। रेज्यूमे में आपकी अपनी शख्सियत झलकनी चाहिए। इसमें आपके अनुभव, काम, हॉबी, कॉलेज के प्रोजेक्ट्स आदि का उल्लेख हो। कोशिश करें कि इसमें स्पेलिंग या ग्रामर की गलतियां बिल्कुल न हों। ऐसी गलतियों से आपके बारे में नकारात्मक इंप्रेशन बनता है। रेज्यूमे बनाने के बाद इसे किसी सीनियर या जानकार को एक बार जरूर दिखा दें ताकि उसमें कोई कमी रह जाने पर उसे दूर किया जा सके।

## जॉब पाने के बाद

अगर आपको जॉब मिल जाती है, तो वर्कप्लेस पर विनम्र और मिलनसार बने रहना कई मायनों में फायदेमंद होता है। शुरूआती दिनों में कोई शिकायत या दूसरों की आलोचना करने से बचें। अपना ध्यान सिर्फ काम पर लगाएं। जो जिम्मेदारी आपको दी गई है, उसे बेहतर तरीके से निभाने की कोशिश करें। काम के प्रति प्रो-एक्टिव रवैया दिखाकर आप बॉस की नजर में अच्छा इंप्रेशन बना सकते हैं। सोशल मीडिया पर आजकल लगभग सभी सक्रिय हैं। मगर ध्यान रहे, अपनी ऑनलाइन इमेज साफ-सुथरी रखना जरूरी है क्योंकि आपके बारे में इंप्रेशन बनाने में इसका भी योगदान होता है।



# बाजार के बदलते मिजाज पर रखिए नजर

**कंपनियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते मार्केट रिसर्च बड़े उद्योग के रूप में उभर रहा है। यहां आपके लिए जॉब के कई अवसर है।**



बाजार में किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले कंपनियों के जेहन में एक बात जरूर होती है कि लोगों को उनका उत्पाद पसंद आएगा या नहीं। लोग क्या पसंद करते हैं? उत्पाद की बिक्री कैसी रहेगी.? इन सवालों के जवाब पाने के लिए कंपनिया बाकायदा मार्केट रिसर्च कराती हैं। फिर मार्केटिंग की रणनीति बनाती हैं। ऐसा कमोबेश सभी कंपनियां करती हैं। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों में मार्केट रिसर्च की अहमियत बढ़ी है क्योंकि बाजार का मिजाज रोज बदल रहा है। किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग में कंपनियों के करोड़ों रुपए दांव पर लगे होते हैं। इसलिए कंपनियां कोई रिस्क नहीं लेना चाहतीं। किसी प्रोडक्ट या सर्विस की लॉन्चिंग/ रीलॉन्चिंग से पहले वे मार्केट सर्वे का सहारा जरूरी लेती हैं। मार्केट रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में रिसर्च इंडस्ट्री की वर्तमान विकास दर करीब 10 प्रतिशत है। इसमें आगे और विस्तार की उम्मीद बनी हुई है क्योंकि देश में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस लगातार बढ़ रहा है।

सर्वे का बढ़ता स्कोप मार्केट रिसर्च कंपनियों की सेवाएं निजी कंपनियों के साथ अब राजनीतिक दल भी खूब लेने लगे हैं। आम तौर पर सभी राजनीतिक पार्टियां टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी व्यूह रचना और घोषणापत्र तक मार्केट रिसर्च के आधार पर ही तैयार करती हैं। चुनाव पूर्व सर्वे के जरिये जनता का मूड जानने की कोशिश भी की जाती है। टीवी चैनल्स और अखबारों में छपने वाले ओपिनियन पोल और एक्जिट पोल की लोकप्रियता से तो सभी वाकिफ हैं।

## कैसे होती है मार्केट रिसर्च?

मार्केट रिसर्चर या एनालिस्ट का कार्य मुख्य रूप से सर्वे और रिसर्च से जुड़ा है। अपने तरीकों से ये प्रोफेशनल बाजार का मूड टटोलने की कोशिश करते हैं। दरअसल, यह भी एक मार्केटिंग रणनीति है। उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले सर्वे कराने से यह पता चलता है कि प्रतिस्पर्धा में कौन-कौन-से उत्पाद हैं, उनकी कीमत क्या है, बिक्री क्या है? कंपनी की मार्केटिंग रणनीति क्या है? बाजार में नए उत्पान की बिक्री का स्कोप क्या है? साथ ही, कंपनियां यह भी जानना चाहती हैं कि लोग क्या पसंद करते हैं, उन्हें क्या नया पसंद आएगा आदि। इन सभी सवालों का फीडबैक जुटाने के लिए मार्केट रिसर्चर एक क्वेश्चनेयर नुमा फॉर्म तैयार करते हैं। फिर कंज्यूमर सर्वे कराते हैं। ये सर्वे कई तरह से किए जाते हैं, जैसे टेलिफोन या इंटरनेट के जरिये या फिर ग्राउंड सर्वे। बाद में रिसर्च कंपनियां क्लाइंट कंपनी के लिए एक रिपोर्ट या प्रेजेंटेशन तैयार करती हैं। मार्केट रिसर्चर के इन्हीं सुझावों के आधार पर आखिरकार कंपनियां अपने उत्पाद या सेवा की लॉन्चिंग करती हैं।

## पर्सनल स्किल

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम करने के लिए आपको डाटा एनालिसिस का ज्ञान रखना बहुत जरूरी है। आपकी कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छी होनी चाहिए। इंग्लिश पर अच्छी पकड़ भी होना जरूरी है। बेहतर सेल्समैनशिप और क्रिएटिव क्वॉलिटी भी रखनी होगी। साथ ही, अगर आप टीमवर्क की भावना और काम के प्रति लगन रखते हैं, तो बेझिझक मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

## जॉब प्रोफाइल

मार्केट रिसर्च का कार्य मुख्य तौर पर दो हिस्सों में बंटा है: फील्ड वर्क और रिसर्च वर्क। इसलिए यहां अलग अलग पृष्ठभूमि के लोगों के लिए जॉब के अवसर भी खूब हैं। रिसर्च एजेंसीज में आप वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, रिसर्च डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोजेक्ट मैनेजर, डाटा प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट, एनालिस्ट, फील्ड वर्क डायरेक्टर, फील्ड सुपरवाइजर आदि पदों पर जॉब पा सकते हैं।

## कहां हैं जॉब्स?

मौजूदा समय में कई देशी-विदेशी कंपनियां आपको इस फील्ड में जॉब दे सकती हैं। बड़ी कंपनियों में आपको विदेश में भी काम करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के तमाम विभागों में भी मार्केट रिसर्चर की काफी मांग है। टेलीकॉम कंपनियों में भी जॉब की संभावनाएं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और कंसल्टेंसी का विकल्प भी खुला है। अगर चाहें, तो एंटरप्रेन्योर बनकर खुद की रिसर्च एजेंसी भी खोल सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यताएं

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन है। अगर करियर बनाना चाहते हैं, तो बीबीए या मार्केटिंग में एमबीए करके यहां एंट्री लें। साइकोलॉजी, सोश्योलॉजी या एंथ्रोपोलॉजी में ग्रेजुएट भी यहां करियर बना सकते हैं। कम्प्यूटर साइंस में ग्रेजुएट के लिए भी यहां करियर स्कोप है। कई संस्थान मार्केट रिसर्च के लिए डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर कर रहे हैं। वहीं, फील्ड वर्क के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है।

## सैलरी कितनी?

रिसर्च कंपनियों में हर तरह के प्रोफेशनल्स को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है। रिसर्चर या एनालिस्ट लेवल पर शुरूआत में ही 30 से 40 हजार रुपए महीना आसानी से मिल जाते हैं। अनुभव बढ़ने पर यह सैलरी 70 हजार से 1 लाख रुपए के आसपास भी पहुंच सकती है। फील्ड वर्क से जुड़े लोग भी शुरूआत में 10 से 15 हजार रुपए महीना कमा सकते हैं।






# ऑनलाइन एग्जाम से डरें नहीं, अपनाएं ये टिप्स

**बैंकों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं कराने वाली प्रमुख एजेंसियां, जैसे आईबीपीएस, एसबीआई और आरबीआई भी कम्प्यूटराइज्ड ऑनलाइन फॉर्मेट में परीक्षा लेना या तो शुरू कर चुकी हैं या ऐसा करने की तैयारी में हैं। ऑनलाइन फॉर्मेट अपनाने पर परीक्षार्थियों और अकादमिक विशेषज्ञों दोनों की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं। इस बात में कोई शक नहीं कि कम्प्यूटराइज्ड एग्जाम के कई फायदे हैं मगर कई लोगों ने इस आधार पर इसका विरोध भी किया है कि इससे कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी तक पहुंच और उसमें सिद्धहस्तता के आधार पर विभिन्न परीक्षार्थियों में भेद किया जाता है।**

जो युवा इस टेक्नोलॉजी से कम परिचित हैं, वे अन्य मामलों में योग्य होने हुए भी पिछड़ सकते हैं। कई ऐसे युवा भी हो सकते हैं, जो यूं तो कम्प्यूटर का प्रयोग खूब करते हैं लेकिन परीक्षा ऑनलाइन देने के नाम पर असहज हो जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जो ऑनलाइन बैंकिंग एग्जाम को लेकर चिंतित हैं, तो हम आपके लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिनसे आपको निश्चित ही लाभ होगा। ऑनलाइन परीक्षा की तकनीक पर चर्चा करने से पहले यह जानना भी जरूरी है कि आखिर क्यों बैंकिंग परीक्षाओं को ऑनलाइन करने का फैसला किया गया।

## ऑनलाइन का है भविष्य

जो भी हो, ऑनलाइन परीक्षाओं के लाभ इसकी हानियों से ज्यादा हैं और भविष्य तो कम्प्यूटराइज्ड परीक्षाओं का ही है। आगे चलकर तमाम परीक्षाएं इसी फॉर्मेट में होने वाली हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। अभी तक पेपर-पेन वाली परीक्षाएं देते आए परीक्षार्थियों को शुरू-शुरू में ऑनलाइन परीक्षा थोड़ी असहज लग सकती है लेकिन यह कोई हिमालय लांघने जैसा काम भी नहीं है। वैसे भी, सभी बैंकिंग प्रोफेशनल्स से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि उन्हें कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान हो। तो फिर परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ही देने में हिचक कैसी?

## परीक्षा के माहौल से परिचित हों

कम्प्यूटराइज्ड बैंक परीक्षाओं की आलोचना का एक आधार यह रहा है कि परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देने में सहज नहीं हो पाते और समय पर पेपर पूरा नहीं कर पाते। इस समस्या का समाधान खुद परीक्षार्थी के पास ही है। जो युवा बैंकिंग एग्जाम देने का इरादा रखते हैं, वे परीक्षा के इस नए माहौल से खुद को अभ्यस्त करना शुरू कर दें। इससे आप एग्जाम फॉर्मेट, स्टाइल और प्रश्नों की शैली से परिचित हो जाएंगे।

## टेक्नोलॉजी का लाभ उठाएं

टेक्नोलॉजी हमेशा से भविष्य का रास्ता बताती आई है। ऑनलाइन बैंक पीओ एग्जाम भी इससे अलग नहीं है। टेक्नोलॉजी से समय और मेहनत की बचत होती है, यह तो सब जानते हैं। सो आप भी इस बात पर फोकस करें कि आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कैसे कर सकते हैं और कैसे कम समय व कम मेहनत के साथ पेपर हल कर सकते हैं।

## अपनी ताकत और कमजोरी पहचानें

एक बार आप ऑनलाइन परीक्षा की टेक्नोलॉजी और फॉर्मेट से परिचित हो जाएं, तो आप अपनी ताकत और कमजोरी को पहचान सकते हैं। फिर आप अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मसलन, हो सकता है कि आप कम्प्यूटर पर मैथ्स के प्रश्न तो आसानी से हल कर लें लेकिन स्क्रीन पर इंग्लिश लैंग्वेज के प्रश्न पढ़ने और उनके उत्तर देने में आपको दिक्कत हो रही हो। ऐसे में आप मैथ्स के मुकाबले इंग्लिश की तैयारी पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

## ऑनलाइन मॉक टेस्ट

कम्प्यूटराइज्ड आरबीआई बैंक एग्जाम्स के आने के बाद से कई कोचिंग सेंटर्स तथा टेस्ट प्रेप वेबसाइट्स ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराती हैं। ये मॉक टेस्ट बैंकिंग एग्जाम के सिलेबस, फॉर्मेट तथा प्रश्नों की शैली को अच्छी तरह समझने के बाद तैयार की जाती हैं। इसलिए इन्हें हल करने पर आप वास्तविक परीक्षा के अनुभव से अवगत हो सकते हैं। इससे नियत समय में पूरा पेपर हल करने में भी आपको मदद मिलेगी।

## शॉर्टकट और ट्रिक्स

बैंकिंग एग्जाम में बैठने वाले परीक्षार्थी मैथ्स और क्वॉन्टिटेटिव एबिलिटी के प्रश्न हल करने के लिए कई तरह के शॉर्टकट तथा ट्रिक्स का इस्तेमाल करते आए हैं। ऑनलाइन कम्प्यूटराइज्ड टेस्ट में भी आप ऐसा कर सकते हैं। सच तो यह है कि ऑनलाइन टेस्ट दे चुके कई परीक्षार्थियों का कहना है कि उन्हें इस फॉर्मेट में पहले से कहीं ज्यादा शॉर्टकट और ट्रिक्स हाथ लगी हैं! आप भी इन शॉर्टकट्स और ट्रिक्स को जानें और इन्हें आजमाएं।

# मेरा अंत दूर नहीं... केएल राहुल ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने अपने संन्यास को लेकर खुलकर बात की। राहुल ने माना है कि वो हमेशा से क्रिकेटर बनना चाहते थे। लेकिन जब वो 30 साल के हुए हैं, उन्हें चिंता होने लगी कि उनके पास पेशेवर खिलाड़ी के रूप में खेलने के लिए अब ज्यादा समय नहीं बचा है। राहुल पिछले कुछ सालों से भारत की वनडे और टेस्ट टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से टीम को कई मैच जिताने में मदद की है। उन्होंने लाल और सफेद गेंद दोनों में सलामी और मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाई है। हालांकि, अब उन्हें अपना रिटायरमेंट करीब दिख रहा है।

हाल ही में, केएल राहुल ने पॉडकास्ट में रिटायरमेंट के बारे में अपने विचार शेयर किए और कहा कि वह इसे लेकर असुरक्षित नहीं हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि उनका करियर बहुत जल्दी खत्म होने वाला है। स्टार बल्लेबाज ने जोर देकर कहा कि एक फिट खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 40 साल तक खेल सकता है और इसे आईपीएल में कुछ साल तक और बढ़ा सकता है।

राहुल ने आगे कहा कि, कोई असुरक्षा नहीं है लेकिन एक भावना है कि ये सब खत्म हो जाता है। मेरे लिए ये बहुत जल्दी खत्म हो सकता है। अगर आप पर्याप्त रूप से फिट हैं, तो आप 40 साल तक खेल सकते हैं। ये अधिकतम है जो किसी ने खेला है। हां एमएस धोनी हैं, जो 43 साल के हैं और अभी भी खेल रहे हैं। आप आईपीएल और वह सब खेल सकते हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत लंबे समय तक नहीं।




# बिग बैश टीम एडिलेड स्ट्राइकर्स ने मंधाना को शामिल किया




**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी खिलाड़ी स्मृति मंधाना अब ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट लीग (बिग बैश) में एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलती नजर आयेंगी। बिग बैश टीम स्ट्राइकर्स ने मंधाना को प्री-ड्राफ्ट में शामिल किये जाने की घोषणा की है। मंधाना को प्री ड्राफ्ट साइनिंग के तहत स्ट्राइकर्स ने शामिल किया है। इससे पहले इस भारतीय बल्लेबाज ने ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी थंडर की ओर से खेला था। साल 2021 में सिडनी थंडर की ओर से खेलते हुए उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 64 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाये थे। ये इस टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त तौर पर दूसरा सबसे अधिक स्कोर है।

मंधाना ने कहा, मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने का इंतजार करती रही हूं। स्ट्राइकर्स की ओर से भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगी। स्ट्राइकर्स की टीम काफी समय से मंधाना को शामिल करना चाहती थी पर पिछले सत्र में मंधाना ने काम का बोझ बढ़ने के कारण इस लीग के लिए अपने नाम नहीं दिया था। टीम की कोच ल्यूक विलियम्स ने कहा, मंधाना एक असाधारण प्रतिभा हैं और हम स्ट्राइकर्स में उनका स्वागत करते हैं। उनकी तकनीकी क्षमता, अनुभव और रणनीति हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण रहेगा। टीम के लिए मैदान पर वह जैसा समर्पण और ऊर्जा लाती है, उसे मैं जानती हूं। उनकी योग्यता और नेतृत्व क्षमता अगले सीजन में हमारे लिए काफी काम आएगी।

# भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, इन खिलाड़ियों को मिली जगह




**मुंबई (एजेंसी )।** हरमनप्रीत कौर यूएई में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम की अगुआई करेंगी। दाएं हाथ की बल्लेबाज को उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहायता करेंगी जो शैफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करेंगी।

दयालन हेमलता टीम में शीर्ष क्रम का एक और विकल्प हैं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष मजबूत बल्लेबाजी क्रम को मजबूती देंगी। ऋचा यास्तिका भाटिया के साथ टीम में नामित विकेटकीपर हैं, जिनका चयन श्रेयंका पाटिल के साथ फिटनेस के आधार पर होगा। दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से चोटों से जूझ रही हैं। भारत के पास यूएई में होने वाले इस आयोजन के लिए तीन रिजर्व खिलाड़ी भी होंगी जिसमें उमा छेत्री (विकेट कीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर शामिल हैं।

गेंदबाजी विकल्पों में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और सजना सजीवन शामिल हैं। भारत के पास हरमनप्रीत, सजना, शोभना और दीप्ति के रूप में अच्छे-खासे ऑलराउंडर मौजूद हैं। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

### महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया* (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, सजना सजीवन

**ट्रैवलिंग रिजर्व:** उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर

**गैर-यात्रा रिजर्व:** राघवी बिष्ट, प्रिया मिश्रा

# महिला टी20 विश्व कप 2024: भारत-पाकिस्तान सहित इन 5 मैचों पर रहेगी सबकी नजर

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान एक्शन में होगी जिसका पहला मैच 4 अक्टूबर से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। आईसीसी के अनुसार टूर्नामेंट 19 दिनों तक चलेगा जिसमें 10 टीमें महिला टी20 क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित खिताब के लिए 23 मैचों में भिड़ेंगी। टूर्नामेंट से पहले कुछ प्रमुख मैचों पर नजर डाल लेते हैं जिसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

### भारत बनाम पाकिस्तान, 6 अक्टूबर (दुबई)

चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान महिला टी20 विश्व कप 2024 में पहले सप्ताहांत में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं, जिसमें उनका बहुप्रतीक्षित मुकाबला रविवार को होने वाला है। भारत ने महिला टी20आई में पाकिस्तान के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। पिछले टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें काफी परेशान किया था, जहां जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने अंततः भारत को एक ओवर शेष रहते जीत दिलाई थी। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने आखिरी बार महिला टी20आई में पाकिस्तान से 2022 में बांग्लादेश में एशिया कप के दौरान हारा था। यह एक उत्सुकता से प्रतीक्षित प्रतियोगिता होगी क्योंकि एक बहुत ही बेहतर पाकिस्तानी इकाई विश्व मंच पर सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराने का लक्ष्य रखती है।

### इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, 7 अक्टूबर (शारजाह)

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में एक रोमांचक मुकाबला इस प्रारूप में इन दोनों टीमों का आखिरी बार सामना होगा।



प्रोटियाज ने 165 रनों का बचाव करते हुए इंग्लैंड को छह रनों से हराया और अपने पहले विश्व कप फाइनल में पहुंच गए। 2024 में शारजाह में होने वाले इवेंट में जब ये टीमें आमने-सामने होंगी तब कई स्टार खिलाड़ी सक्रिय रहेंगी। कुल मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने 24 महिला टी20आई में इंग्लैंड को केवल 4 बार हराया है और हीथर नाइट की टीम प्रतियोगिता की शुरुआत में बड़ी जीत हासिल करने की उम्मीद करेगी।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, 8 अक्टूबर (शारजाह)

न्यूजीलैंड की तुलना में किसी भी टीम ने महिला टी20आई में ऑस्ट्रेलिया को अधिक बार नहीं हराया है जिन्होंने छह बार की टी20 विश्व कप चैंपियन के खिलाफ इस प्रारूप में 21 जीत दर्ज की हैं। जब वे विश्व मंच पर फिर से मिलेंगे, तो सभी की निगाहें न्यूजीलैंड की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप पर होंगी और क्या वे ऑस्ट्रेलियाई टीम को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पिछले पांच पूर्ण महिला टी20आई में से दो मैच गंवाए हैं। इन टीमों के बीच पिछली भिड़ंत 2023 महिला टी20 विश्व कप में हुई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें 97 रनों से हरा दिया था जिसमें एशले गार्डनर ने पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 76 रनों पर आउट कर दिया था।

### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 13 अक्टूबर (शारजाह)

महिला क्रिकेट में एक ताकत के रूप में भारत के तेजी से उभरने के कारण 2020 के बाद से दो प्रमुख महिला आयोजनों के फाइनल में उनका सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ है, 2020 में द्विष्ट महिला टी20 विश्व कप फाइनल और 2022 में बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल शामिल है। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मौकों पर जीत हासिल की, लेकिन भारत ने हाल ही में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने मुकाबलों में अपने पल बिताए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में वे ऑस्ट्रेलिया को हराने के काफी करीब पहुंच गए थे। वे अंततः नौ रनों के मामूली अंतर से हार गए। महिला टी20 विश्व कप के अंतिम दौर के खेलों में जब ये जानी-पहचानी प्रतिद्वंद्वी एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगी तो दोनों टीमें उम्मीद करेंगी कि उनका सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित रहे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उनके लिए यह मैच बहुत मुश्किल होगा क्योंकि यह एक रोमांचक मुकाबला होने वाला है।

### इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, 15 अक्टूबर (दुबई)

वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण के खत्म होने के बाद से महिला टी20आई में एक मजबूत छाप छोड़ी है। इस अवधि में 14 महिला टी20आई में वेस्टइंडीज ने 10 गेम जीते हैं, जिसमें से आधे से अधिक मुकाबलों में अविश्वसनीय हेले मैथ्यूज प्लेयर ऑफ द मैच रही हैं। टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप गेम में उनका सामना एक मजबूत इंग्लिश टीम से होगा। उन्हें हराना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन अगर मैथ्यूज और कंपनी एक मजबूत स्कोर बना पाती है, तो उनके पास 2018 के बाद से पहली बार महिला टी20आई में इस इंग्लैंड टीम को हराने का मौका है।

# जब एक ही मैच में दो गेंदबाजों को मिले 6-6 विकेट

मुम्बई । एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई अजीब रिकार्ड भी बनने रहे हैं। अब तक केवल एक बार ऐसा हुआ है जब दोनो ही टीमों के एक-एक गेंदबाज ने पारी में 6-6 विकेट लिए हैं। साल 2017 में अफगानिस्?तान और आयरलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में हुए एकदिवसीय मैच में ये रिकार्ड बना था और गेंदबाज थे पॉल स्?टर्लिंग ओर राशिद खान। इस मैच में आयरलैंड की ओर से स्?टर्लिंग और अफगानिस्?तान की ओर से राशिद ने 6-6 विकेट लिए थे। तब दोनों ही टीमों ने पारियों में 300 से अधिक रन बनाये थे। वहीं एक बल्लेबाज ने शतक लगाया था जबकि एक अन्य शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाया था। इस मैच में अफगानिस्?तान को 34 रनों से जीत मिली थी। तब इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्?तान टीम ने 338 रन बनाए थे। असगर ने 101 रन बनये थे। वहीं आयरलैंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए पॉल स्?टर्लिंग ने 10 ओवर्स में 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे। स्टर्लिंग इस मैच के बाद अभी भी इतने विकेट नही ले पाये। इस मैच में तक आयरलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी की थी। स्?टर्लिंग ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 गेंदों पर 9 चौकों व 5 छक्?कों की मदद से 95 रन की पारी खेली थी। स्?टर्लिंग के आउट होने के बाद हालाकि आयरिश टीम ढ़ह गयी थी। अफगानी गेंदबाजों ने पूरी टीम को 47.3 ओवर्स में 304 रन तक समेट दिया था। तक स्पिर राशिद खान ने 43 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पहुंचा एआई की शरण में, पीसीबी चीफ ने कहा– नहीं हटा सकते कोई खिलाड़ी..

पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों अपने प्रदर्शन के कारण काफी चर्चाओं में है। मौजूदा पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच चल रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान करारी हार झेलनी पड़ी है। जिसके तहत अब पाकिस्तान टीम की हालात सुधारने के लिए पीसीबी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की शरण ली है। बांग्लादेश से पाकिस्तान की ऐतिहासिक टेस्ट हार के बाद पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने चैंपियंस कप के लिए सलाहकारों की शुरुआत की। उन्हें विश्वास है कि इससे राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार प्रतिभाओं का विकास होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान के क्रिकेट ढांचे में गहराई की कमी पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रणाली में खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए कोई काम करने योग्य रिप्लेसमेंट नहीं है। मोहसिन नकवी ने इस बात पर जोर दिया कि चयन समिति के पास मजबूत खिलाड़ी पूल की कमी है। उन्होंने मौजूदा स्थिति की तुलना सर्जरी के लिए सही उपकरणों की आवश्यकता से की है। उन्होंने कहा कि, समस्या ये है कि सेलेक्शन कमेटी के पास खिलाड़ियों का चयन कनरे के लिए कोई पूल नहीं है। मैंने सर्जरी की बात इसलिए की है क्योंकि हमें अपनी समस्याओं को ठीक करने की आवश्यकता है। लेकिन जब हम देखते हैं कि उन्हें कैसे हल किया जाए, तो हमारे पास कोई ठोस डेटा या खिलाड़ी पूल नहीं है, जिससे हम मदद ले सकें। मोहसिन नकवी ने कहा है कि, ये 150 खिलाड़ी जो चुने गए हैं, उनमें से 80 प्रतिशत एआई द्वारा किए गए हैं और 20 प्रतिशत इंसानों का इस्तेमाल करके किए गए हैं। कोई भी इसे चुनौती नहीं दे सकता।

# सिराज, मलिक, जडेजा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर, बीसीसीआई ने रिप्लेसमेंट की घोषणा की




**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक के साथ-साथ ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 2024-25 दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कहा कि सिराज और मलिक दोनों ही बीमार हैं और दलीप ट्रॉफी के मुकाबलों के लिए उनके समय पर फिट होने की उम्मीद नहीं है।

तेज गेंदबाज नवदीप सैनी टीम बी टीम में सिराज की जगह लेंगे, जबकि गौरव यादव टीम सी टीम में मलिक की जगह लेंगे। जडेजा को भी टीम बी टीम से रिलीज कर दिया गया है लेकिन उनके प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की गई है। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नीतीश कुमार रेड्डी की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर करेगी क्योंकि वह स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से उबर रहे हैं।

यह टूर्नामेंट 5 सितंबर को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू होगा। मूल रूप से छह क्षेत्रों उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के साथ एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता, दलीप ट्रॉफी में इस बार केवल चार टीमें भाग लेंगी। चूंकि दूसरा दौर 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज़ के साथ मेल खाता है, इसलिए टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए खिलाड़ियों को दुलीप ट्रॉफी में बदल दिया जाएगा।

शुभमन गिल भारत ए की कप्तानी करेंगे, अभिमन्यु ईश्वरन भारत बी की कप्तानी करेंगे जबकि रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर क्रमशः भारत सी और भारत डी के कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

### टूर्नामेंट के पहले दौर के लिए चार टीमों की संशोधित टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए:** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विद्वाथ कवरप्पा, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत।

**भारत बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

**भारत सी :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), संदीप वारियर।

**भारत डी:** श्रेयस लायर (कप्तान), अथर्व तायदे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार।

# सलमेनिया में अंडरटेकर से लड़ने वाले साइको सिड का निधन, कैंसर से हारे जंग



खेल डैस्क । डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. में साइको सिड के नाम से मशहूर सिड युडी का 63 साल की उम्र में निधन हो गया है। कुश्ती आइकन पिछले कई वर्षों से कैंसर से जूझ रहे थे। उनके बेटे ने एक ऑनलाइन पोस्ट में यह खबर शेयर की है। गुन्नार यूडी ने ने लिखा- प्रिय मित्रों और परिवार। मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरे पिता सिड यूडी का कई वर्षों तक कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया है। वह ताकत, दयालुता और प्यार का आदमी था, और उसकी उपस्थिति बहुत याद आएगी। हम आपके विचारों और प्रार्थनाओं की सराहना करते हैं क्योंकि हम इस नुकसान पर शोक मना रहे हैं। स्मारक सेवा का विवरण जल्द ही साझा किया जाएगा। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। यूडी का रेसलिंग करियर 90 के दशक में डब्ल्यूसीडब्ल्यू से शुरू हुआ था। बाद में उन्होंने डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. जिसे डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. के नाम से भी जाना है, में कदम रखा। यहां वह अपने शानदार साइको सिड चरित्र के कारण मशहूर हुए। यूडी ने अपने करियर के दौरान डब्ल्यूसीडब्ल्यू और डब्ल्यू.डब्ल्यू.ई. में दो-दो बेल्ट के साथ छह विश्व चैंपियनशिप जीतीं। उनके अन्य दो खिताब यूएसडब्ल्यूए यूनिफाइड वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियनशिप में आए। रेसलमेनिया में उन्होंने पहली बार 1992 में हल्क होगन तो 1997 में द अंडरटेकर का सामना किया। 2001 में पैर की चोट के कारण वह कुश्ती से दूर हो गए। अभी कुछ साल पहले ही उन्हें कैंसर का पता चला। दुनिया भर के कुश्ती प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एक ने लिखा- उसने दुनिया पर राज किया, आरआईपी बिग मैन, सर्वश्रेष्ठ में से एक। एक अन्य ने कहा- आरआईपी, यह देखकर बहुत निराश हूं, मेरा बचपन उसे टेकर के साथ युद्ध करते हुए देख रहा था। पहलवान मार्क मेरो ने कहा कि यह सुनकर बहुत दुख हुआ कि दोस्त और कुश्ती सुपरस्टार सिड यूडी (सिड विसियस और सिड जस्टिस) का 63 साल की उम्र में कैंसर से निधन हो गया है। जब मैं डब्ल्यूसीडब्ल्यू के लिए प्रयास कर रहा था तो वह उन पहले पहलवानों में से एक था जिनसे मैंने कुश्ती लड़ी थी।

# नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं।

जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने जान लेनार्ड स्ट्रफ पर 6-7 (7), 6-1, 6-7 (7), 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। एक साल पहले जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था।

गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी लेकिन यहां उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'पिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।'

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। थिएम का यह अमेरिकी ओपन में आखिरी मैच था क्योंकि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह संन्यास ले लेंगे। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ शुरुआती नौ गेम जीते लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और उन्हें 0-6, 7-5, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें इस महीने की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, ओलंपिक की रजत पदक विजेता और यहां 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ शामिल है। नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी दाहिने कंधे में चोट के कारण एक सेट के बाद मैच से हट गई।

पुरुष वर्ग में जिस वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा वह 15वें वरीय होल्गर रूण थे, जिन्हें अमेरिका के ब्रैंडन नकाशिमा ने 6-2, 6-1, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव, छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव, आठवें वरीय कैस्पर रूड, नौवें वरीय और 2022 के उपविजेता ग्रिगोर दिमित्रोव तथा 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज शामिल है।



# अब घरेलू प्रतियोगिताओं में भी मैच और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मिलेगा पुरस्कार : जय शाह

मुम्बई । अब घरेलू स्तर पर होने वाले सभी महिला और जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि दी जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि अब घरेलू मैचों में भी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने ये घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पुरुष घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली प्रतियोगिता में 'प्लेयर ऑफ द मैच के लिए इनामी राशि दी जाएगी। शाह ने कहा कि हम अपने घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम के तहत सभी महिला और जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सीनियर पुरुषों के लिए विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए भी पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसका लक्ष्य उद्देश्य घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन को मान्यता देने के साथ ही सम्मान देना है।

# मैं मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा : डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा

एजेंसी

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा के चालू शरदकालीन सत्र के दूसरे दिन में कहा कि मैं मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा करने नहीं दूंगा। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी विधायकों ने हंगामा करने के साथ एक के बाद एक मुद्दा उठाकर मुख्यमंत्री को परेशान करने की कोशिश की। मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष के जब मियां मुसलमानों का असम पर कब्जा करने की बात कही तो मुख्यमंत्री डॉ. सरमा आग बबूला हो गये। उन्होंने लगभग चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मैं नहीं दूंगा, मैं मियां मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा। मुख्यमंत्री डॉ.




सरमा असम विधानसभा के चल रहे शरदकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के प्रश्नों का सदन में जवाब दे रहे थे। ज्ञात हो कि राइजर दल के एकमात्र विधायक अखिल गोगोई समेत विपक्षी विधायकों ने नगांव जिलांतर्गत धिंग में 10वीं कक्षा की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना और शिवसागर में मियां बहिष्कार की घटना को लेकर विधानसभा सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के बाद एक चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री को घेरने की कोशिश की। विपक्ष ने धिंग की घटना, राज्य की कानून-व्यवस्था और ऊपरी असम में कुछ संगठनों का मियां बहिष्कार की घोषणा के मुद्दे पर सदन की कार्यवाही स्थगित करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद मुख्यमंत्री बैठक स्थगित करने के प्रस्ताव पर सदन में बोलने के लिए खड़े हुए, लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री ने भाषण देना शुरू किया, विपक्षी सदस्यों के एक वर्ग ने एक तरह का हंगामा शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दुष्कर्म का एक भी मामला हमें स्वीकार्य नहीं है। एनसीआरबी की जानकारी पर सदन में चर्चा की जानी चाहिए। वर्ष 2014 में राज्य में बलात्कार के 1,980 मामले थे। 2019 में बलात्कार की 989 घटनाएं हुईं। यह घटना किसी भी कारण से स्वीकार्य नहीं है। इसे स्वीकार करना होगा कि बलात्कार की घटनाओं में कमी आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री एक साल में अपराध को समाप्त नहीं कर सकता है, बल्कि इसमें कमी ला सकता है। यही उन्होंने किया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के निचले से ऊपरी असम में लोगों के जाने वाले बयान का विरोध किया। डॉ. सरमा ने कहा कि सदन के नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया और रफीकुल इस्लाम कह रहे हैं कि नामनी (निचले) असम के लोग उजनी (उपरी) असम जाएंगे? मैं कह रहा हूं- क्यों जाएंगे? नहीं जा सकते। मियां मुसलमानों को उजनी असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। मुख्यमंत्री ने ऊपरी असम में जाने पर जोर न देने का भी अनुरोध किया।

## एक नजर

### टेक्सास की अदालत ने बाइडेन प्रशासन को दिया झटका

**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका में टेक्सास के एक संघीय न्यायाधीश ने सोमवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को झटका देते हुए उसके अहम सामाजिक कार्यक्रम पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। यह कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहे अमेरिकियों से विवाहित गैर-दस्तावेजी लोगों के लिए वैधीकरण को आसान बनाता था। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टेक्सास के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने बाइडेन प्रशासन पर मुकदमा करने वाले 16 रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले राज्यों के पक्ष में फैसला सुनाया है। इस फैसले से फिलहाल अमेरिकी नागरिकों के गैर-दस्तावेजी जीवनसाथियों को कानूनी दर्जा देने के संघीय कार्यक्रम पर रोक लग गई है। न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने एक प्रशासनिक स्थगन जारी किया है। अब प्रशासन ऐसे आवेदनों को मंजूरी प्रदान नहीं कर सकता।

### नेपाल के विराटनगर की रथयात्रा में भारत के लाखों श्रद्धालु सहभागी

**काठमांडू :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी विराटनगर में राधाकृष्ण का भव्य रथ यात्रा निकाली जा रही है। नेपाल की सबसे बड़ी कही जाने वाली राधाकृष्ण रथयात्रा में नेपाल और भारत के लाखों श्रद्धालु सहभागी होते हैं। रथ यात्रा में भाग लेने के लिए भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थन और गुजरात तक से विभिन्न हिस्सों से भक्त विराटनगर में एकत्रित हो रहे हैं। कोशी प्रदेश सरकार ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन होने वाली रथ यात्रा के लिए पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश दिया है। विराटनगर में विक्रम संवत 1988 से खाट यात्रा के रूप में शुरू हुई यह रथयात्रा विक्रम संवत 2025 से राधाकृष्ण रथयात्रा के रूप में प्रारम्भ की गई थी। यह खाट का 93वां संस्करण है और राधाकृष्ण रथ यात्रा का 56वां संस्करण है। राधा-कृष्ण के जोड़े के साथ रथ विराटनगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर से प्रस्थान करेगा। राधाकृष्ण मंदिर परिसर से निकाली जाने वाली रथ यात्रा तीनपैनी, मेन रोड, ट्रैफिक चौक, रोड शेष चौक, महेंद्र चौक, धरान रोड, बरगाछी होते हुए मंदिर परिसर में पहुंच कर समाप्त होगी।

# भाजपा का ममता बनर्जी पर हमला, बताया तानाशाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल की घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए छात्रों के विरोध प्रदर्शन को दबाने पर भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह बताया है। भाजपा ने कहा कि छात्र न्याय दिलाने की मांग को लेकर अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन ममता बनर्जी छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जिस तरह से ममता बनर्जी ने छात्रों की आवाज दवाबे की कोशिश की है वो चिंताजनक और संविधान को तार-तार करने वाला है। यह स्पष्ट है कि अगर कहीं देश में तानाशाह है तो वे ममता बनर्जी हैं। उन्होंने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ जघन्य अपराध होता है लेकिन ममता बनर्जी आरोपितों को संरक्षण देने में जुट जाती हैं । वे महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्र इस घटना को लेकर प्रदर्शन करते हैं तो पुलिस इसे रोकने के लिए वॉटर कैनन का प्रयोग करती है। बड़े-बड़े कन्टेनर लगा दिए जाते हैं जैसे कि वे ही आरोपित हों। ममता बनर्जी की सरकार ने दुष्कर्म करने वाले लोगों को बचाया है, सबूतों को नष्ट किया है और सच्चाई की आवाज को दबाया है, जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है। अब एक बार फिर जब छात्र, डॉक्टर और आम नागरिक बेटी के लिए न्याय मांगने को 'नबन्ना चलो अभियान' निकाल रहे हैं, तो ममता बनर्जी की सरकार सड़कों को अवरुद्ध कर रही है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। इस घटना के निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

# नौसेना ने चांडिल बांध से बाहर निकाला विमान का मलबा, ब्लैक बॉक्स नहीं मिला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने झारखंड के चांडिल बांध में गिरे प्रशिक्षक विमान का मलबा बाहर निकाल लिया है। पूर्वी नौसेना कमान की 20 सदस्यीय गोताखोरी और हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण टीम ने 5 दिनों तक खोज और बचाव अभियान चलाया। खराब मौसम की स्थिति में अभियान चलाने के लिए विशाखापट्टनम से हवाई मार्ग के जरिये कमांड क्लीयरेंस डाइविंग टीम को झारखंड लाया गया था। विमान के दोनों पायलटों के शव पहले ही बरामद किये जा चुके थे। झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल जलाशय में 152 प्रशिक्षक विमान सेसना 20 अगस्त से लापता था। सोनारी एयरपोर्ट से 11.30 बजे उड़ान भरने के 20 मिनट बाद ही लापता हो गया था। खोजबीन के 12 घंटे के बाद विमान के चांडिल डैम में डूबने की



जानकारी प्रशासन को मिल गई। इसके बाद एनडीआरएफ ने लगातार अभियान चलाकर हवाई जहाज और उसके पायलटों की तलाश शुरू की। एनडीआरएफ की टीम ने 48 घंटे के बाद 22 अगस्त को ट्रेनी पायलट शुब्रोदीप दत्ता और पायलट जीत शत्रु आनंद का शव चांडिल डैम से ही बरामद किया था। इसके बाद डैम में विमान का मलबा खोजने के लिए भारतीय नौसेना को लगाया गया, तभी से नौसेना की टीम विमान के मलबे की खोज रही थी। आखिरकार लापता विमान का मलबा 25 अगस्त को डैम के भीतर ही खोज लिया गया लेकिन उसे बाहर निकालने के लिए प्रशिक्षित टीम नहीं थी। इसलिए पूर्वी कमान की कमांड क्लीयरेंस डाइविंग टीम को सोमवार की सुबह 10:30 बजे विशाखापट्टनम से हवाई मार्ग के जरिये झारखंड लाया गया। नौसेना की टीम चार बोट लेकर अपने 12 सदस्यों के साथ डैम के अंदर गई। एयर बैलून के माध्यम से विमान का मलबा खींच कर किनारे लाने में 13 घंटे से भी ज्यादा का समय लगा। डैम के किनारे लाये गए मलबे को क्रेन के सहारे लिफ्ट करके ट्रक में लादा गया।

# चीन ने जासूसी विमान भेजा जापान, दो मिनट तक मंडराता रहा

एजेंसी

**टोक्यो :** जापान ने अपने हवाई क्षेत्र में चीन के एक जासूसी विमान के लगभग दो मिनट तक मंडराने की घटना को गंभीरता से लिया है। जापान ने कहा है कि यह अस्वीकार्य है। जापान ने चीन के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सोमवार को चीन का वाई-9 टोही विमान कुछ समय के लिए हमारे देश के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। हवाई क्षेत्र में विमान के घुसते ही सेना को अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहली बार जापानी सेल्फ डिफेंस फोर्स ने अपने हवाई क्षेत्र में एक चीनी सैन्य विमान का पता लगाया। हयाशी ने राजधानी टोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में कहा, "जापान के हवाई क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों का प्रवेश न केवल हमारे क्षेत्रीय अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिए भी खतरा है। हमें यह बिल्कुल अस्वीकार्य है।" जापान टुडे अखबार के अनुसार जापानी आत्मरक्षा बल के संयुक्त स्टाफ ने सोमवार देररात कहा कि चीनी वाई-9 टोही विमान ने जापान के मुख्य दक्षिणी द्वीप क्यूशू के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित दांजो द्वीप के ऊपर दो मिनट तक चक्कर लगाया। जापान के अधिकारी चीन की सैन्य गतिविधि का विश्लेषण कर रहे हैं। जापान ने लड़ाकू विमानों ने वहां पहुंचकर चीन के विमान को वहां से चले जाने की चेतावनी दी। हयाशी ने कहा कि हाल के वर्षों में जापान के आसपास चीन की सैन्य गतिविधि तेजी से बढ़ी हैं। इस घटना पर जापानी उप विदेश मंत्री मासाताका ओकानो ने चीन के कार्यवाहक राजदूत शि योंग को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई।

## संक्षिप्त खबरें

### अब ऑनलाइन ई-पास बनाकर देख सकेंगे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर



**जैसलमेर :** जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा को देखना अब ज्यादा आसान हो गया है। सीमा सुरक्षा बल ने वेबसाइट बनाकर अब बॉर्डर देखने के लिए ऑनलाइन ई-पास बनाने की सुविधा जारी कर दी है। अब भारतीयों को सरहद जाना आसान हो सकेगा और वे जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर को देख सकेंगे। ऑनलाइन ई-पास की जानकारी देते हुए बीएसएफ डीआईजी नॉर्थ सेक्टर योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अगर आप जैसलमेर घूमने का प्लान कर रहे हैं तो भारत-पाकिस्तान बॉर्डर देखने के लिए खबर अच्छी है। अब बॉर्डर देखने के लिए आवश्यक पास लेने के लिए तनोट माता मंदिर में लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं हैं। तनोट माता ट्रस्ट ने एक वेबसाइट जारी कर ई-पास बनाने की सुविधा शुरू की हैं।

www.shritanotmatamandirtrust.com पर होंगे ई-पास जारी

दरअसल, जैसलमेर में इन दिनों पर्यटन सीजन का आगाज हो चुका है और आने वाले दिनों में सैलानियों का बूम जैसलमेर में उमड़ेगा। फिलहाल सामान्य रूप से पर्यटकों की आवक शुरू हो गई है। ऐसे में यहां आने वाला हर सैलानी बॉर्डर देखने की इच्छा रखता है। ऐसे में अब भारत-पाक बॉर्डर देखने वाले सैलानियों को तनोट में सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर लाइन लगाकर पास बनवाने से छुट्टी मिल जाएगी। हजारों सैलानी हर साल आते हैं बॉर्डर देखने गौरतलब है कि जैसलमेर के तनोट माता मंदिर से करीब 20 किलोमीटर दूर बबलियान वाला चौकी को देखने हर साल हजारों की संख्या में देसी सैलानी जैसलमेर आते हैं। ऐसे में बॉर्डर टूरिज्म के तहत भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तनोट-बबलियान वाला पर्यटन परिपथ (टूरिज्म प्रोजेक्ट) को बढ़ावा देने के लिए श्री तनोट माता ट्रस्ट ने ऑनलाइन ई-पास की सुविधा शुरू की हैं। इसमें सैलानियों को इस वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। जिसमें पर्यटक को अपनी पूरी जानकारी अपने आईडी कार्ड के साथ भरकर सबमिट करनी होगी। इसके बाद ही ई-पास जारी होगा। फिलहाल जैसलमेर भ्रमण पर आए सैलानियों को बॉर्डर घूमने के लिए तनोट जाने के बाद ही बीएसएफ के काउंटर पर जाकर पास बनवाना पड़ता है। जिसमें तनोट जाने के बाद वहां भीड़ होने पर सैलानियों को लाइन में लगना पड़ता है। ऐसे में सुविधा देने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। इससे सैलानियों को अब तनोट पहुंचने के बाद लाइन में नहीं लगना होगा। बीएसएफ डीआईजी योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सरहद पर तनोट क्षेत्र में तनोट और बबलियान वाला पोस्ट आकर्षण का केंद्र है, वहीं बॉर्डर पर जाने के लिए लम्बी-लम्बी कतारों से अब राहत मिलेगी। सीमा पर बीएसएफ की प्राथमिकता है कि सरहद पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत से लेकर सीमा दर्शन करवाने का उद्देश्य रहता है ताकि वह अच्छी यादें लेकर जाए। विदेशियों को वहां जाने की इजाजत नहीं है।

### मायावती फिर चुनी गयीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की मंगलवार को लखनऊ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती को एक बार फिर सर्वसम्मति से अगले पांच साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने बैठक में मायावती के निर्वाचन की घोषणा की। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष चुने जाने के बाद मायावती ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर, कांशीराम समेत कई महापुरुषों के मानवतावादी एवं समतामूलक मिशन को बसपा की मूवमेंट के जरिए आगे बढ़ाने के लिए वह हमेशा हर प्रकार की कुबार्नी देने को तैयार हैं। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के कल्याणकारी सिद्धांत एवं लक्ष्य की प्राप्ति पर डटे रहकर अपना संघर्ष इस उम्मीद पर जारी रखे हैं कि यह संघर्ष एक दिन बहुजनों के पक्ष में जरूर रंग लाएगा। बसपा प्रमुख ने कहा कि पहले गैर कांग्रेसवाद की तरह अब देश की राजनीति गैर भाजपावाद में उलझकर रह गयी है। ये दोनों दल और इनके नेतृत्व वाले गठबंधन देश के दलित, ओबीसी, आदिवासी, मुस्लिम के सच्चे हितैषी न कभी थे और न कभी हो सकते हैं। इन दलों का रवैया लगाता जातिवादी, षड्यंत्रकारी बना हुआ है, जो खासकर चुनाव में काफी तेज हो जाता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यही सब कुछ खुले तौर पर देखने को मिला और केंद्र की भाजपा एवं कांग्रेस देनों कहीं जातिवादी एवं अहंकारी सरकार बनाने से रोकेने पर बहुजन समाज काफी हद तक पिछड़ गया।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 3 लाख करोड़ रुपये के पार

**पटना :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, ₹एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दशार्ता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है। उन्होंने आगे कहा, ग्राहक अपनी बचत को सुरक्षित रखने और अपने परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं। हम सख्त निवेश और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का पालन करते हुए, उनकी बचत का ध्यान रखते हैं। इस दृष्टिकोण ने हमें कंपनी की शुरूआत से लेकर विभिन्न बाजार स्थितियों के दौरान किसी भी गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स) से बचने में मदद की है। बागची ने आगे कहा, ₹हम मानते हैं कि जीवन बीमा न सिर्फ व्यक्ति या समाज को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि धन सृजन और सेवानिवृत्ति आय की प्राथमिक जरूरतों को भी पूरा करता है। ऐसे में, हमारे उत्पाद और प्रक्रियाएँ इन सभी जरूरतों को कुशलता से पूरा करने के लिए तत्पर हैं। जीवन बीमा को सरल बनाने और नवीन उत्पाद विकसित करने में प्रौद्योगिकी समाधान मददगार साबित हुए हैं।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह** * (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**